इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






## 'सभापति सरकार के प्रवक्ता बनकर कर रहे हैं काम', खरगे ने जगदीप धनखड़ पर लगाया गंभीर आरोप

नई दिल्ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए विपक्ष को मजबूर होना पड़ा, क्योंकि वह उच्च सदन में सबसे बड़े व्यवधान हैं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यों ने देश की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।

साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा सदन में सभापति हेडमास्टर की तरह सदस्यों की स्कूलिंग करते हैं। उनको प्रवचन सुनाते हैं। यदि विपक्ष के सांसद सदन में 5 मिनट बोलते हैं तो 10 मिनट खुद सभापति बोलते हैं।

### मजबूर होकर उठाया यह कदम

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमें यह कदम उठाने के लिए मजूबर होना पकड़ा। हमने पहले ही नोटिस दे दिया है। विपक्ष इस संवेदनशील मुद्दे पर एक साथ खड़ा होकर बोलने के लिए यहां है। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि अध्यक्ष ने हमारे पास कोई विकल्प नहीं छोड़ा। तीन साल तक उन्होंने हमें महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने के लिए न तो समय दिया और न ही स्थान दिया।



### सभापति सत्ता पक्ष और पीएम का करते हैं गुणगान

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा आमतौर पर विपक्ष चेयरमैन से प्रोटेक्शन मांगता है, वही विपक्ष के संरक्षक होते हैं। लेकिन अगर खुद सभापति सत्ता पक्ष और प्रधानमंत्री का गुणगान कर रहे हों तो विपक्ष की कौन सुनेगा? सभापति हमारी ओर ध्यान नहीं देते, लेकिन सत्ता पक्ष को बोलने के लिए इशारा करते हैं। जब विपक्ष सरकार से सवाल पूछता है, तो सभापति सत्ता पक्ष के जवाब देने से पहले ही उनकी ढाल बनकर खड़े रहते हैं।

### 'विपक्ष के सांसदों को बोलने से रोका जाता है'

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि सदन में विपक्ष के सांसदों को बोलने से रोका जाता है। सभापति की निष्ठा संविधान और संवैधानिक परंपराओं की जगह सत्ता पक्ष के लिए है। सभापति अपने अगले प्रमोशन के लिए सरकार के प्रवक्ता बनकर काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सभापति दूसरों को सबक सिखाते हैं और स्वयं बार-बार व्यवधान उत्पन्न करते हैं। यह देखा जा सकता है कि सदन बंद करने की कोशिश सत्ता पक्ष और सभापति की ओर से ज्यादा होती है।

## ट्रेनों में लगाए जाएंगे 12 हजार जनरल कोच- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का ऐलान

नई दिल्ली। भारत में रेल का नेटवर्क करोड़ों लोगों के लिए यात्रा का मुख्य साधन है. हर दिन लाखों लोग भारतीय रेल से यात्रा करते हैं. त्योहार और सर्दी के मौसम में लोगों को सीटों के लिए खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. ऐसे में रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों में 12000 जनरल कोच लगाने का फैसला किया है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संसद में इसका ऐलान किया. उन्होंने कहा, भारतीय रेलवे का पूरा ध्यान गरीब और मिडिल क्लास परिवारों पर है. भारतीय रेलवे ने इस वित्त वर्ष में लगभग 12,000 जनरल कोच बनाने का निर्णय लिया है.

रेलवे का यह कदम खासकर उन लोगों के लिए है, जो सामान्य कोचों में यात्रा करते हैं और जिनके लिए टिकट मिलना एक चुनौती हो सकता है. इसके अलावा इस साल 900 अतिरिक्त जनरल कोचों को जोड़ा गया है, ताकि यात्रियों को ज्यादा सुविधा मिल सके. सरकार ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि रेल मंत्रालय सभी प्रतीक्षा सूची वाले टिकटों पर 'क्लर्केज' शुल्क लगाता है और रद्दीकरण सहित सभी स्रोतों से प्राप्त राजस्व का उपयोग रखरखाव और संचालन से संबंधित कार्य व्यय के लिए किया जाता है.



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रतीक्षा सूची वाले टिकटों पर रद्दीकरण शुल्क के बारे में पूछे गए सवालों के लिखित जवाब में कहा, रेल यात्री (टिकट रद्दीकरण और किराया वापसी) नियम 2015 के अनुसार आईआरसीटी की वेबसाइट के माध्यम से रद्द किए गए सभी प्रतीक्षा सूची वाले टिकटों को रद्द करने पर क्लर्केज शुल्क लगाया जाता है. समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा चौधरी ने रेलगाड़ियों में सीट की कमी के कारण रेलवे द्वारा रद्द किए गए प्रतीक्षा सूची वाले टिकटों पर रद्दीकरण शुल्क लगाने का मुद्दा उठाया. चौधरी ने जानना चाहा, क्या सरकार रेलवे द्वारा रद्द किए गए उक्त प्रतीक्षा सूची वाले टिकटों पर ऐसे रद्दीकरण शुल्क को माफ करने की योजना बना रही है.

वैष्णव ने कहा कि अग्रिम आरक्षण अवधि के दौरान 'कन्फर्म/आरएसी टिकटों के रद्द होने पर खाली होने वाली सीट को भरने के लिए प्रतीक्षा सूची वाले टिकट जारी किए जाते हैं. उन्होंने कहा, इसके अलावा, प्रतीक्षा सूची वाले टिकट यात्रियों के पास अद्यतन योजना के तहत 'अपग्रेड' होने या विकल्प योजना के तहत वैकल्पिक ट्रेन में स्थानांतरित होने का विकल्प भी है. यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार के पास रद्दीकरण शुल्क से जुटाए गए राजस्व का डेटा है, वैष्णव ने कहा, 'टिकट रद्द करने के कारण जमा की गई राशि को अलग से नहीं रखा जाता है.'

## कैबिनेट ने लिए कई बड़े निर्णय : पुलिस भर्ती में एसटी वर्ग को मिलेगी विशेष छूट, खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का होगा विकास

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में सीएम विष्णुदेव साय कैबिनेट ने बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। बैठक में द्वितीय अनुपूरक बजट के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। वहीं पुलिस भर्ती में एसटी वर्ग को विशेष छूट दी गई है, पुरुष वर्ग को सीना और ऊंचाई में छूट दी गई है।



भू राजस्व संहिता में संशोधन विधेयक और खेलों के लिए क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना को मंजूरी मिल गई है। यह योजना मोदी की गारंटी में शामिल थी।

सुदूर और शहरी क्षेत्रों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जाएगा और खेल क्लबों को आर्थिक मदद दी जाएगी। एमएसपी में धान खरीदी के अतिशेष का निराकरण के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजेंगे। वहीं धान कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि 80 रुपए प्रति क्विंटल किया गया। ऑटो एक्सपो के दौरान वाहनों के लाईफ टाईम रोड टैक्स पर एकमुश्त 50 प्रतिशत की छूट दिए जाने का निर्णय लिया गया है। राजधानी रायपुर में 15 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक एक्सपो आयोजित किया जायेगा। मंत्रिपरिषद द्वारा द्वितीय अनुपूरक अनुमान वर्ष 2024-2025 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं के छत्तीसगढ़ पुलिस में भर्ती के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उम्मीदवारों के लिए ऊंचाई और सीना के निर्धारित मापदण्ड में एक बार के लिए छूट प्रदान करने का निर्णय लिया। जिसके तहत छत्तीसगढ़ पुलिस में सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमाण्डर की सीधी भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में निर्धारित न्यूनतम ऊंचाई 163 सेंटीमीटर तथा सीना बिना फुलाये 78 से.मी. एवं फुलाने पर 83 से.मी. केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों के लिए केवल एक बार के लिए छूट देने का निर्णय लिया गया है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन, भत्ता तथा पेंशन (संशोधन) विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य में डेयरी उद्यमिता को प्रोत्साहन देने एवं दुग्ध संकलन तथा प्रसंस्करण में वृद्धि हेतु राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एम.ओ.यू. करने का निर्णय लिया गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इस सम्मान के लिए शुक्रिया, इंडिया अलायंस में सब ठीक रहे... यही मेरी इच्छा : ममता बनर्जी

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को उन नेताओं का शुक्रिया अदा किया है, जिन्होंने कहा है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की कमान तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख को सौंपी जानी चाहिए. पूर्वी मेदिनीपुर जिले के तटीय शहर दीघा के तीन दिवसीय दौरे पर आईं बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि वह उन नेताओं और गठबंधन की मजबूती के लिए प्रार्थना करेंगी.

ममता बनर्जी ने कहा, मैं सभी की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे इतना सम्मान दिया है. मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हूं. मैं चाहती हूं कि वे और उनकी पार्टी अच्छा करें. मैं यह भी चाहती हूं कि 'इंडिया' गठबंधन अच्छा करें. तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने इस मुद्दे पर और कुछ कहने से इनकार किया. ममता बनर्जी ने पिछले सप्ताह विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया था. उन्होंने कहा था कि अगर उन्हें अवसर मिला तो वह विपक्षी गठबंधन की कमान संभालने की मंशा रखती हैं. इसके कई घटक दलों के नेताओं ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि बनर्जी को गठबंधन का नेतृत्व करने की अनुमति दी जानी चाहिए.



### लालू यादव ने ममता के लिए की थी वकालत

राष्ट्रीय जनता दल यानी आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने इंडिया ब्लॉक की लीडरशिप के लिए ममता बनर्जी का नाम सुझाया है. लालू यादव ने मंगलवार को पटना में मीडिया कर्मियों से कहा, 'पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का नेता चुना जाना चाहिए. कांग्रेस के विरोध का कोई मतलब नहीं है, ममता को ही नेता बनाया जाना चाहिए. बता दें कि लालू से पहले उनके बेटे तेजस्वी यादव भी ममता बनर्जी के नेतृत्व पर हामी भर चुके हैं.

### ममता ने क्या कहा था?

पशिचम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हरियाणा-महाराष्ट्र और उपचुनावों में इंडिया ब्लॉक के खराब प्रदर्शन को लेकर नाराजगी जताई थी. उन्होंने कहा था, मैंने इंडिया गठबंधन बनाया. इसका नेतृत्व करने वाले इसे ठीक से नहीं चला सकते, तो मुझे मौका दें. मैं बंगाल से ही गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हूं. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महादेव सट्टा एप : शेयर ब्रोकर गोविंद केडिया की 160 करोड़ की संपत्ति अटैच

रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव सट्टा एप से जुड़े शेयर ब्रोकर गोविंद केडिया की करीब 160 करोड़ की संपत्ति अटैच कर ली है। एप के प्रमोटर विकास छापरिया के करीबी केडिया के द्वारा स्टाक पोर्टफोलियो फर्म का संचालन करने के जानकारी मिलने पर कार्रवाई की गई।




जांच के दौरान सट्टे से अर्जित रकम को परफेक्ट प्लान इंवेस्टमेंट एक्सिम जनरल ट्रेडिंग और टेक प्रो-आईटी सॉल्यूशन जैसी कंपनियों के माध्यम से निवेश करने की जानकारी मिली है। कोलकाता से गिरफ्तार आरोपित केडिया को पांच दिन की रिमांड के बाद बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### सट्टे की कमाई को शेयर में लगाता था

विकास छपरिया के कहने पर गोविंद केडिया सट्टे की कमाई को शेयर बाजार में निवेश करता था। इन निवेशों से होने वाले लाभ और हानि को कथित तौर पर 75.25 के अनुपात में बांटा गया था। इसमें गोविंद केडिया ने कुल निवेश के केवल 25 प्रतिशत पर ब्याज लिया था। 2023 में ईडी ने गोविंद केडिया के ठिकानों पर छापेमारी कर 18 लाख रुपये नकदी और 13 करोड़ के सोने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कैबिनेट के फैसले पर राइस मिलरों ने जताया असंतोष : एसोसिएशन के अध्यक्ष बोले- कस्टम मिलिंग करने के निर्णय पर करेंगे पुनर्विचार

रायपुर। सीएम विष्णुदेव साय ने बुधवार को कैबिनेट की बैठक ली। जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट की बैठक में कस्टम मिलिंग और राइस मिलरों के मुद्दें पर लिए गए निर्णय को लेकर राइस मिलर्स का बयान सामने आया है।

इसको लेकर एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने कहा कि, आज छत्तीसगढ़ शासन की हुई कैबिनेट में हमारे वर्ष 2022-23 के भुगतान पर सहमति नहीं बनी। साथ ही एसएलसी से परिवहन व्यय भी फाइनल नहीं हो पाया। यह बड़ी वादा खिलाफी की गई है। पूरे प्रदेश के मिलर्स जो सरकार से बड़ी उम्मीद लगाए बैठे थे। वह सभी सकते में हैं, इसके साथ ही निराश और आक्रोशित भी हैं।

उन्होंने आगे कहा कि, सरकार के कैबिनेट के निर्णय के बाद अब पुनः प्रदेश एसोसिएशन अपने मिलर्स के साथ कस्टम मिलिंग कार्य करने के निर्णय पर पुनर्विचार करेगा। सभी मिलर्स की आज के कैबिनेट पर निगाह थी और सभी के मन में था कि, सरकार अपनी बातों को कैबिनेट में पास कराकर मिलर्स का काम सुचारू करेगी। लेकिन इसका उलट कैबिनेट ने निर्णय कर मिलर्स की आर्थिक रूप से कमजोर हो चुकी कमर को तोड़कर रख दिया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महाराष्ट्र में अब पोर्टफोलियो को लेकर सस्पेंस, फडणवीस की कैबिनेट का कब होगा विस्तार?

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में भाजपा के लिए सिर दर्द खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। पहले सीएम पद के लिए महायुति में हुए खींचतान ने सुर्खियां बटोरी, अब मंत्रिमंडल के विस्तार पर सस्पेंस बन गया है। एकनाथ शिंदे ने सीएम पद से समझौता तो कर लिया, लेकिन अब उनकी नजर गृह मंत्रालय पर है। गृह मंत्रालय किसी भी राज्य के लिए दूसरा सबसे बड़ा विभाग होता है। महाराष्ट्र पुलिस गृह मंत्रालय को रिपोर्ट करती है।



### गृह मंत्रालय चाहती है शिवसेना

पिछली सरकार के दौरान जब शिंदे मुख्यमंत्री थे, तो गृह मंत्रालय देवेंद्र फडणवीस के पास था। फडणवीस तब डिप्टी सीएम थे। सूत्रों के मुताबिक, शिंदे भी अब ऐसा ही चाहते हैं। हालांकि भाजपा गृह मंत्रालय देने के पक्ष में नहीं है। शिवसेना को शहरी विकास और लोक निर्माण विभाग ऑफर किया जा सकता है। वहीं अजित पवार की एनसीपी भी फुल डिमांड मोड में है। एनसीपी चाहती है कि मंत्रिमंडल विस्तार में उसे भी शिवसेना के बराबरी के मंत्रालय दिए जाएं।

### एनसीपी को चाहिए वित्त मंत्रालय

सूत्र कहते हैं कि अजित पवार के पास पहले वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी थी और वह (शेष पृष्ठ 6 पर...)







## 4 आईपीएस का ट्रांसफर...बदले गए रायपुर एसएसपी संतोष सिंह, लाल उम्मेद होंगे नए पुलिस अधीक्षक

**सीएम सुरक्षा एसपी बनाए गए हरीश राठौर**



संतोष सिंह — लाल उम्मेद सिंह

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ गृह विभाग ने रायपुर एसएसपी संतोष कुमार सिंह समेत 4 आइपीएस का तबादला किया गया। आईपीएस लाल उम्मेद सिंह रायपुर के नए पुलिस अधीक्षक होंगे।

एसएसपी संतोष सिंह को एआईजी पुलिस मुख्यालय बनाया गया है, वहीं रवि कुर्रे को कोरिया के नए एसपी बनाए गए है। वहीं सूरज सिंह परिहार को बालोद बटालियन ट्रांसफर किया गया है। इसक अलावा राज्य पुलिस सेवा के अफ सर हरीश्या राठौर को एसपी मुख्यमंत्री सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। हरीश राठौर सेनानी व्हीआईपी बटालियन माना रायपुर में पदस्थ थे। गृह विभाग के अवर सचिव डी एस धुर्वे ने आदेश जारी किया है।

## पीएम नरेंद्र मोदी से मिला कपूर परिवार, करीना ने बेटों के लिए लिया ऑटोग्राफ

नईदिल्ली। बॉलीवुड का मशहूर परिवार, कपूर खानदार बीते मंगलवार को पीएम मोदी से मिला. पीएम मोदी ने राज कपूर 100 फिल्म फेस्टिवल के लिए पूरे कपूर परिवार को इनवाइट किया था. आज, कपूर फैमिली ने पीएम मोदी के साथ बिताए गए हसीनों पलों को सोशल मीडिया पर साझा किया है. वहीं करीना कपूर ने अपने दोनों बच्चों के लिए पीएम मोदी के स्पेशल मैसेज की झलक भी साझा की है.

करीना कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर पीएम हाउस के अंदर की तस्वीरों की एक सीरीज पोस्ट की है. साथ ही राज कपूर 100 फिल्म फेस्टिवल के आमंत्रण के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है. उन्होंने कैप्शन में लिखा है, हम अपने लीजेंडरी ग्रैंडफादर राज कपूर के असाधारण जीवन और विरासत को याद करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इनवाइट करना काफी सम्मानित महसूस हो रहा है. इस खास दोपहर के लिए मोदी जी को धन्यवाद. इस मील के पत्थर को मनाने में आपका अटेंशन और सपोर्ट हमारे लिए बहुत मायने रखता है.



राज कपूर 100 बर्थ एनिवर्सरी

बेबो ने आगे लिखा है, जैसा कि हमने अपने ग्रैंडफादर के आर्टिस्ट्री, विजन और इंडियन सिनेमा में कंट्रिब्यूशन के 100 साल होने का जश्न मनाया. हम उनकी विरासत पर पड़ने वाले प्रभाव का सम्मान करते हैं. यह हमें और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा. हमें उनकी आइकोनिक को शोकेस और राज कपूर 100 फिल्म फेस्टिवल के साथ इंडियन सिनेमा पर उनके प्रभाव को याद करने पर गर्व है. 13-15 दिसंबर, 2024 , 10 फिल्में, 40 शहर, 135 सिनेमाघर.

पोस्ट किए गए तस्वीरों में करीना कपूर और अन्य परिवार के सदस्यों को पीएम मोदी के साथ देखा जा सकता है. इन्हीं तस्वीरों में से एक तस्वीर में करीना कपूर अपने दोनों बच्चों जेह और तैमूर के लिए

# स्वच्छता दीदीयों को प्लेसमेंट हड़ताल में बैठने पर ठेकेदार ने काम से निकालने की दी धमकी

## प्लेसमेंट कर्मचारी की हड़ताल से शहर की बिगड़ी पेयजल व्यवस्था, चरमरा सकती है शहर की सफाई व्यवस्था



राजनांदगांव (दावा)। शहर के महावीर चौक पर फ्लाई ओवर के नीचे प्लेसमेंट कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल का आज चौथा दिन है लेकिन कोई भी शासकीय व प्रशासकीय अधिकारी आकर अभी तक उनकी सुधि नहीं ली है। जबकि बड़ी संख्या में हड़ताल में बैठे प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों व उनकी आंदोलन को समर्थन देने के लिए सामने आए स्वच्छता दीदीयों को उनके ठेकेदार का कोप भाजन का शिकार होना पड़ रहा है।

प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल में साथ बैठी बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदीयों को उनके ठेकेदार ने उन्हें काम से निकालने की धमकी दी है। सागर पारा सेंटर में काम करने वाली स्वच्छता दीदी लक्ष्मी बाई, सुशीला चंद्राकर आदि ने बताया कि उनके ठेकेदार ने हड़ताल में आने पर काम से निकालने की धमकी दी है। ठेकेदार की धमकी से स्वच्छता दीदीयों में रोष का माहौल है।

### हड़ताल से पेयजल व्यवस्था प्रभावित

बता दें कि नगरी निकाय में 500 के करीब प्लेसमेंट कर्मचारी काम कर रहे। उनके द्वारा की जा रही काम बंद हड़ताल से शहर की पेयजल व्यवस्था बिगड़ गई है। जिन वार्डो में नलों से पानी न आने आ रहा वहां भेजे जा रहे पानी टैंकर का काम प्रभावित हो रहा है। बताते चलें कि टैंकरों का संचालन प्लेसमेंट कर्मचारियों के भरोसे है और प्लेसमेंट हड़ताल में बैठे हुए है इसके कारण वार्डो में टैंकरों से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।

हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को शहर के डबरीपारा सहित कई वार्डो में नलों ही नहीं खुल पाया। इससे वार्डवासी परेशान हुए। पार्षद मधु बैद ने बताया कि डबरीपारा के नलों में एक बूंद पानी नहीं है और न वार्डवासियों के लिए टैंकरों से पानी भेजा जा रहा है। पार्षद ने आयुक्त से मिलकर समस्या निराकरण की मांग की है।

### चरमरा सकती है सफाई व्यवस्था

पिछले तीन दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे लगभग 500 की संख्या में प्लेसमेंट कर्मचारियों के साथ लगभग 300 की संख्या में सफाई कर्मी स्वच्छता दीदीयों के बैठने से ठेकेदारों के कान खड़े हो गए हैं। हालांकि कि उन्हें हड़ताल में नहीं बैठने की धमकी- चमकी दी जा रही है। यदि स्वच्छता दीदीयों का प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल का यही संग- साथ रहा तो शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ते देर नहीं लगेगी। बता दें कि नगर निगम द्वारा प्लेसमेंट एजेंसी को नोटिस भी जारी किया है। लेकिन शहर की जल सफाई व विद्युत व्यवस्था जस की तस बनी हुई है। प्लेसमेंट कर्मचारी अध्यक्ष अजय मेश्राम ने बताया कि शासन से उनकी मात्र तीन सूत्रीय मांग है। जबकि भूपेश बघेल ने उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन चुनाव घोषणा पत्र में शामिल कर दिया था। नियमितिकरण का वादा था लेकिन पांच साल में भी वादा पूरा नहीं कर पाया। मेश्राम ने बताया कि भाजपा द्वारा भी चुनाव के समय प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगरीय निकाय कर्मचारी समिति में शामिल करने का आश्वासन दिया गया है। शामिल भी किए गए लेकिन न तो कर्मचारियों को नियमितिकरण का लाभ मिल रहा है और न कर्मचारी ठेका प्रथा समाप्त कर उन्हें निगम में समायोजन किए जाने का लाभ मिल रहा है।

### हड़ताली कर्मियों की तीन सूत्रीय मांगें

बताते चलें कि पिछले तीन दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे प्लेसमेंट कर्मचारियों का सिर्फ तीन सूत्रीय मांगें हैं। उन मांगों के संदर्भ में प्लेसमेंट कर्मचारियों संघ के अध्यक्ष मेश्राम ने बताया कि उनकी तीन सूत्रीय मांगों में नगरी निकाय में ठेका पद्धति समाप्त कर कर्मियों को निगम में समायोजन करने, कर्मियों को सम्मान जनक वेतन भुगतान और हड़ताल अवधि में कर्मचारियों को कार्य से अलग नहीं करने की मांग प्रमुख हैं। शहर के फ्लाई ओवर के नीचे तीन दिनों से धरना प्रदर्शन करते हुए बेमियादी हड़ताल पर बैठे प्लेसमेंट कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी, हड़ताल खत्म नहीं होगा। हालांकि कि हड़ताल में बैठे कर्मचारियों को पूर्व सांसद मधुसूदन यादव से लेकर महापौर हेमा देशमुख व अन्य नेता भी इनका समर्थन करने आने की जानकारी मिल रही है,लेकिन इन कर्मचारियों की मांगे मांनी जाने के संबंध में शासन से बात करने किसी तरह प्रयास होता नहीं दिख रहा है।

## पहला कॉलम...

### मेजर डॉ. हरीश ग्रोवर का सैनिक सम्मान, उन्हें अंतिम विदाई दी गई



राजनांदगांव (दावा)। मेजर डॉ. हरीश ग्रोवर का सैनिक सम्मान के साथ अंत्येष्टि कार्यक्रम संपन्न हुआ। डॉ. मेजर हरीश ग्रोवर का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया उसके पूर्व राजनांदगांव के सैनिक कल्याण बोर्ड ने उन्हें तिरंगे मे लिपटा कर उन्हें सलामी दी, उन्हें स्थानीय मुक्तिधाम यात्रा में भूतपूर्व सैनिकों के अधिकारियो ने उनके साथ बिताये पलो को याद किया उसके साथ ही, सिख समाज ओर से पंजाबी समाज के सम्मानित सदस्यों के साथ मोहल्ले वाले रिश्तेदार और उनके मित्र गण तथा परिवार के सभी सदस्यों के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी, अंत में सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा तिरंगा उतारने की सेरेमनी की, उसके बाद भूतपूर्व महापौर नरेश डकालिया और राजनांदगांव की तरफ से और सिख समाज और पंजाबी समाज की तरफ से जनरेल सिंह भटिया ने उन्हें पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आरी में कल मंडई मेला आयोजित

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम आरी में कल 13 दिसंबर शुक्रवार को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। इस दौरान ग्राम में पहुंचे अतिथियों और ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में रंगारंग छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम महतारी के आंसू नाचा पार्टी संसारगढ़ वाले का आयोजन रखा गया है, ग्राम पटेल भागवत श्रीवास, ग्राम विकास समिति ऊदेराम निषाद, दयाराम निषाद, सुरेंद पटेल, राजेंद्र राजपूत, कमलेश पटेल, उमाकांत पटेल सहित अन्य ग्रामीणों ने इस आयोजन का लाभ लेने कहा है।

### श्रीमती दुलारी बाई यादव का निधन



राजनांदगांव (दावा)। शांतिनगर वार्ड नं. 6 निवासी श्रीमती दुलारी बाई यादव पति नारायण यादव का 10 अक्टूबर मंगलवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र तेजराम यादव सहित ज़रापूरा परिवार छोड़ गई है। स्व. श्रीमती दुलारी बाई यादव का आज अंतिम संस्कार गठुला स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### ओमल सिंह चंद्रवंशी का निधन



डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़ निवासी ओमल सिंह चंद्रवंशी का 84 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। वे नितेंद्र चंद्रवंशी के पिता थे। निरंतर समाज सेवा कार्य में सेवारत रहे स्वर्गीय चंद्रवंशी का अंतिम संस्कार ग्राम रेंगाकटेरा गुण्डरदेही (बालोद) में किया जाएगा।

## सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन को समर्थन देने पहुंचे जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शमसुल आलम



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय महावीर चौक, फ्लाई ओव्हर के नीचे नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को समर्थन देने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के जिलाध्यक्ष शमसुल आलम अपनी टीम के साथ पहुंचे।

शमशुल आलम ने अपने संबोधन से सफाई कर्मचारी व नगर निगम में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की हौसला अफजाई की तथा इस आंदोलन में मांग पूरी होने तक साथ देने की बात कही है। शमसुल ने कहा रोज सुबह जब शहर के निम्न वर्ष से उच्च वर्ग तक के लोग जागते हैं, तो सुबह-सुबह यह सफाई दीदी ही अपने कार्य डोर-टू-डोर करते दिखाई देती है। कोरोना काल में भी जब अच्छे-अच्छे लोग अपने घर में बैठे हुए थे, बड़े-बड़े कर्मचारी मॅरेंटाइन में थे, तब यही सफाई दीदियों ने अपना कार्य बंद नहीं किया इन सफाई कर्मचारियों का वेतन रोकना इनके ऊपर अत्याचार करना तथा इनकी परेशानियों को ना समझना भाजपा सरकार की तथा कांग्रेस सरकार की मानसिकता को दर्शाता है। चूंकि अभी नगर निगम की महापौर कांग्रेस से हैं, साथ ही सरकार भाजपा की है पर सफाई कर्मचारी अपने पेमेंट को लेकर लगातार परेशान है और उन्हें धरने पर बैठना पड़ रहा है पर जोगी कांग्रेस सफाई कर्मचारियों पर अत्याचार नहीं सहेगी। 3 साल पूर्व भी सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर महावीर चौक में चक्काजाम किया था, जिसमें जोगी कांग्रेस जिला अध्यक्ष शमसूल आलम की गिरफ्तारी भी हुई थी, पर उनकी मांगों को पूरा करवा कर ही प्रदर्शन बंद किया, उसी प्रकार इस बार भी निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। जरूरत पड़ने पर फिर से गिरफ्तारी भी दे सकते हैं।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शमशुल आलम के साथ अजीत जोगी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष उदित हरिहारनो, उपाध्यक्ष कुणाल सिंह अकलतरा के पदाधिकारी अंकू पांडे उपस्थित थे।

## कलेक्टर से यूनिसेफ इंडिया के प्रतिनिधिमण्डल ने की सौजन्य भेंट



### जिले में चलाए जा रहे पोट्ठ लईका पहल एवं अन्य कार्यक्रमों की उपलब्धियों और प्रयासों की सराहना की

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में यूनिसेफ इंडिया के प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल में डिप्टी रिप्रेजेंटेटिव ऑपरेशन्स श्रीमती शारदा थापालिया एवं सीएफओ श्री विलियम हनलॉन जूनियर शामिल थे।

कलेक्टर ने प्रतिनिधिमण्डल को बताया कि जिले में यूनिसेफ के सहयोग से सामाजिक व्यवहार परिवर्तन के विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। युवोदय कार्यक्रमों ने युवाओं को सामाजिक बदलाव लाने में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने हेतु सशक्त बनाया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि पोट्ठ लईका पहल कार्यक्रम सामुदायिक भागीदारी और नवीन तरीकों के माध्यम से बच्चों के पोषण स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं।

साथ ही स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत गांव को ओडीएफ प्लस बनाया जा रहा है। यूनिसेफ के तकनीकी मार्गदर्शन और सहयोग ने इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उल्लेखनीय है कि जिले में चल रहे विकास कार्यक्रमों की समीक्षा एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से यूनिसेफ इंडिया के प्रतिनिधिमण्डल द्वारा जिले में चलाए जा रहे युवोदय जैसे प्रमुख कार्यक्रमों से जुड़े स्वयंसेवकों के साथ संवाद किया गया।

जिले में युवोदय द्वारा बाल विवाह, किशोर पोषण और शिक्षा में अभिभावक सहभागिता जैसे मुद्दों पर कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त यूनिसेफ इंडिया के प्रतिनिधिमण्डल ने स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए चलाए जा रहे पोट्ठ लाइका पहल के सत्र में भाग लिया। श्रीमती थापालिया ने जिले में बच्चों के लिए चलाए जा रहे अभियान तथा उपलब्धियों और प्रयासों की सराहना की।

## आज अगहन बृहस्पति व्रत का आखिरी गुरुवार

### बाजार में पूजा सामग्रियों की बढ़ी मांग



राजनांदगांव (दावा)। अगहन मास के एकादशी तिथि को श्री गीता जयंती मनाने के बाद दूसरे दिन आज मार्गशीर्ष (अगहन) माह के अंतिम गुरुवार को आखिरी अगहन बृहस्पति का व्रत किया जाएगा। यह व्रत प्रायः महिलाओं द्वारा घर की सुख-समृद्धि व खुशहाली के लिए की जाती है। इस दिन धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना के विधान है।

अगहन बृहस्पति व्रत रखने वाली महिलाएं दिन भर उपवास रह कर तीनों पहर मां लक्ष्मी की पूजा कर उसे सफेद चीजों से बने व्यंजन चढ़ाती है। जिसमें दूध व चांवल से बने पकवान आदि प्रमुख हैं। वहीं मौसमी फल-फूलों में सिंघाड़ा,अमरुद, आंवला, आंवला पत्ती, बेर, गैंदा के फूल आदि चढ़ाएं जाते हैं। इससे धन की देवी मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और सुख-समृद्धि की आशीर्वाद देती है। बता दें कि भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत युद्ध के दौरान अर्जुन को गीता की वाणी कहते हुए जहां महिनों मे मैं मार्गशीर्ष (अगहन) माह हूं कहां है वहीं छंदों में में गायत्री छंद हूं कहकर मां लक्ष्मी व वेदमाता गायत्री को महनीय प्रतिष्ठा दी है। यही वजह है कि 16 कलाओं के स्वामी योगेश्वर भगवान श्री को इन रुपों में पूज कर धन-धान्य, सुख-समृद्धि व गुण-ज्ञान की वृद्धि की जाती हैं।

### पूजा सामग्रियों से सजा बाजार

बता दें कि कार्तिक पूर्णिमा मनाने के बाद अगहन मास लगते हैं इसके प्रथम गुरुवार 21 नवंबर को महिलाओं द्वारा पहली अगहन बृहस्पति का व्रत किया गया था। इस बार अगहन मास में चार बृहस्पति वार का योग रहा। इससे धर्मशील महिलाओं ने अपने घर की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए धन की देवी मां लक्ष्मी की अगहन बृहस्पति के व्रत रखें और धन संपदा की देव की पूरे मनोयोग से पूजा-अर्चना कर दुआएं मांगी। अगहनी बृहस्पति व्रत के लिए शहर में पूजा सामानों की भारी मांग बनी रही। शहर के मानव मंदिर चौक समीप हनुमान मंदिर से लेकर जयस्तंभ चौक व कुम्हार पसरा तक पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी रही।

इसी तरह उपरोक्त जगहों सहित मुख्य मार्केट गोलबाजार, शनि मंदिर रोड व गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक व अन्य स्थानों में पूजा सामग्री की दुकानों में महिलाओं की भीड़ रही। पूजा सामग्री बेचने वाली महिला बुधयारिन बाई ने बताया कि उनके दुकान में 50 रुपए में पूरी पूजा सामग्री दी जा रही है। ज्यादा तर पूजा सामग्री खरीदने वाले लोग अलग-अलग पूजा सामान खरीदने के बजाय 50 रुपए वाले पूरी पूजा सामग्री खरीदना ज्यादा पसंद करते हैं। एक और दुकानदार महिला ने बताया कि दिपावली हो या अगहन बृहस्पति व्रत का समय, एक नया झाड़ू खरीदना शुभ माना गया है। उनके पास छोटी-छोटी झाड़ूएं थी जिस 10 रुपए से लेकर 20 रुपए नगद के हिसाब से बेंच रही थी। आज 12 दिसंबर को अगहनी बृहस्पति व्रत का आखिरी दिन होने के कारण उनका पूजा सामग्री बेचने का धंधा थोड़ा मंदा हो जाएगा। वैसे अभी वैवाहिक आयोजनों की धूम बनी हुई है इसलिए कुछ और दिनों तक पूजा सामग्रियों की डिमांड बनी रहेगी।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के

1-5-7

488-0 299-0

राजधानी

2-4-9

348-5 468-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


श्री कृष्णा (एयरकुल) में

रोजाना 3 खेलों में

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

समय : 11.30, 3.15 व 8 बजे रात्रि

फिल्म की लम्बाई अधिक होने के कारण समय का ध्यान रखें

पुष्पा 2


कलाकार - अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहाद फाज़िल आदि



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX

05th Dec To 12th Dec 2024



Pushpa The Rule 2 -
09:45am, 10:00am, 10:15am, 01:30pm, 01:45pm, 02:00pm, 05:15pm, 05:30pm, 05:45pm, 09:00pm, 09:15pm and 09:30pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय से मामला क्रमांक-202411092100023**

विषय:-अ-6 अ मामले की श्रेणी:-राजस्व सन:-2024-2025.
डोंगरगढ़ (प.ह.न. 00025),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार गुरमीत सिंह कक्कड़
अनावेदक पक्षकार -आम जनता.

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक गुरमीत सिंह कक्कड़ पिता हरबंश सिंह कक्कड़ निवासी बुधवारी पारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे स्वामित्व एवं आधिपत्य में डोंगरगढ़ प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. डोंगरगढ़ में खसरा नम्बर 72/6 रकबा 0.223 हेक्टेयर भूमि स्थित है। उपरोक्त जमीन का सीमांकन मैंने दिनांक 04/09/2024 को कराया था जिसकी रिपोर्ट अनुसार मेरी जमीन की पूर्व दिशा में कोई रास्ता नहीं है जो कि त्रुटि पूर्ण नक्शा में दर्ज है। रास्ता वाली जगह मेरे कब्जे में है और मेरे कुल रकबे के अनुसार मेरी सरहद में आयेगी। मेरे रजिस्ट्री दिनांक 30/08/2017 में लगे नक्शे की चौहददी में भी पूर्व दिशा में कोई रास्ता नहीं है। कृपया सीमांकन रिपोर्ट के अनुसार एवं जांच कर नक्शा सुधार किये जाने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.12.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/12/2024 को जारी किया जाता है।

**कमल किशोर साहू**
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार राजनांदगांव**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ- जिला- राजनांदगांव तहसील-राजनांदगांव प.ह.नं.-00024 तिलई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT 202425420507300003

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00024 के अंतर्गत ग्राम तिलई के वर्तमान भूमिस्वामी शेख हुसैन पिता-शेख कासम पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 340(0.0490) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता यासिन कुरैशी पिता-स्व. अजीज कुरैशी, तौफीक कुरैशी पिता-स्व.प्यारे कुरैशी पता-, जमीर कुरैशी पिता-स्व. अजीज कुरैशी पता, शमा पति-स्व.प्यारे कुरैशी पता-, हाजराबी पति-स्व.मंजूर अहमद पता, आसिफ कुरैशी पिता स्व. अजीज कुरैशी पता, नदीम कुरैशी पिता-अजीज कुरैशी पता, सफी कुरैशी पिता- स्व. प्यारे कुरैशी पता- अजीम कुरैशी पिता स्व. अजीज कुरैशी पता-, सलीम कुरैशी पिता-स्व.मंजूर -अहमद पता, तरन्नुम बानो पिता स्व.मंजूर अहमद पता-, जावेद कुरैशी पिता स्व.अजीज कुरैशी पता- के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुक्त से आज दिनांक 11/12/2024 को जारी किया जाता है।

**श्रीमती सुरेखा वर्मा**
**नायब तहसीलदार**

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202412093700013 अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनू छाबड़ा आ. दलजीत सिंग छाबडा, निवासी-ठाकुर गली, दीवानपारा तहसील व जिला-राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला जमातपारा स्थित शीट क्रं. 36 सी, भूखण्ड क्रमांक 101/1, क्षेत्रफल 337.95 वर्गमीटर जो धारक संजय श्रीवास्तव आ. स्व. नवल किशोर श्रीवास्तव, निवासी-जमातपारा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 19.12.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

Email - eekhaira-phe@cg.gov.in Telephone no.- 9300320444

निविदा क्रमांक- 14/ले.शा./का.अ./लोस्वायांखंड/2024-25 दिनांक 09/12/2024

निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं/ई-प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सामाग्री हेतु मुहरबंद निविदा फार्म 'सी' में मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:-23.12.2024 सायं 5.30 बजे तक**
**कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि:-24.12.2024 सायं 5.30 बजे तक**

| समूक क्रं. | कार्य का विवरण | मात्रा | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| | Supply of GI distance unit both side 5mm thick plate Make with 3mm thick | | |
| 01 | 06" Dia 18" Long | 100 | 750.00 |
| 02 | 06" Dia 12" Long | 100 | 750.00 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

जी-242504493/1

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT**

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
MAHANADI GODAWARI BASIN RAIPUR (C.G.)
e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**CORRIGENDUM No-02**

**(1) IN NIT No.: 05/SAC/2024-25, Dated: 20.11.2024., System Tender No. 161245 (1st Call), Whose G-Number is 242503945 dated 22.11.2024**
**(2) IN NIT No.: 06/SAC/2024-25, Dated: 20.11.2024., System Tender No. 161247 (1st Call), Whose G-Number is 242503944/4 dated 22.11.2024**
**following amendments are made :-**

| S.No | Amendments |
|---|---|
| 1 | Online Tenders are Invited up to 19.12.2024 at 17.30 Hour |
| 2 | Bid Open Start Date and time: 20.12.2024, 11:30 Hours |

Note:- All other terms and conditions of NIT will remain unchanged.

**Executive Engineer**
**Water Resources Barrage Division,**
**Dongargaon For, Chief Engineer,**
**Mahanadi Godavari Basin Ralpur (C.G.)**

जी- 242504494/3

# शहर में विकास कार्यो के लिए डॉ.रमन सिंह ने करोड़ों का आबंटन दिलाया



राजनांदगांव (दावा)। विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के अथक प्रयासों से राजनांदगांव के विकास के लिए राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण निधि से कुल 8 करोड़ 60 लाख 10 हजार रुपए की लागत के 113 विकास कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इन कार्यों में राजनांदगांव के शहरी क्षेत्रों/वार्डो के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, शेड निर्माण, गार्डन सौंदर्यीकरण और जिम सामग्री के लिए 5 करोड़ 63 लाख 80 हजार रुपए की राशि स्वीकृत दी गई है।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायतों में सीसी रोड, छत निर्माण, सांस्कृतिक मंच और नाली निर्माण जैसे कार्यों के लिए 2 करोड़ 63 लाख 30 हजार रुपए तथा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण, सामुदायिक भवन, मंच और अन्य निर्माण कार्यों के लिए 33 लाख रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

शासन के इस निर्णय पर राजनांदगांव विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा का आभार और धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि 'इन विकास कार्यों से न केवल राजनांदगांव के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी, बल्कि यहां के निवासियों की जीवनशैली में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।' इसके साथ ही राजनांदगांव के नागरिकों ने इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया और उनकी विकास के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।

# क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ ने क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना लिए छत्तीसगढ़ सरकार की कार्ययोजना का किया स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। खेल एव खिलाड़ियों के विकास के लिए समर्पित संस्था क्रीड़ा भारती ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के लागू होने पर प्रसन्नता व्यक्त किया है। क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना से छत्तीसगढ़ में खेलों के लिए वातावरण बनेगा।

आधारभूत संरचनाओं का विकास होगा। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ियों को नवीन सुविधा मिलेगी। छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना से खेल क्लब का विकास होगा। खेल पंजीकृत सोसायटी को खेल अनुदान मिलेगा। परंपरागत खेलों का विकास किया जाएगा। ओलिंपिक खेलों का विकास किया जाएगा। राज्य स्तरीय राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को विशेष सुविधाएं दी जाएगी। आज छत्तीसगढ़ सरकार ने क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना का अनुमोदन किया। छत्तीसगढ़ क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष संजय शर्मा प्रांत सचिव सुमित उपाध्याय प्रदेश उपाध्यक्ष गोपेश्वर कहरा अखिल भारतीय सदस्य नीता डुमरे सहप्रांत मंत्री तारनिस गौतम सुधीर राजपाल तारकेश मिश्रा वीरेंद्र देशमुख हर्षा साहू विनोद नायर ने छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खेल मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त कर प्रसन्नता जाहिर की है। सभी सदस्यों ने सरकार के क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना को खेल व खिलाड़ियों के विकास के लिए ऐतिहासिक व अभूतपूर्व कदम बताया है।

# प्लेसमेंट कर्मचारी अपने कार्य में उपस्थित रहे, एजेंसी से आयुक्त ने कहा

राजनांदगांव (दावा)। नगरीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा अपने मांगो के संबंध में अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है। नगर निगम के कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से नगर निगम की मूलभूत अतिआवश्यक सेवा बिजली, पानी सफाई प्रभावित हो रही है। जिसके लिये आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम के अति आवश्यक सेवा में कार्यरत कर्मचारियों से अपने कार्य में लौटने की अपील की।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नगर निगम का मूल कार्य नागरिकों को बिजली पानी सफाई जैसे अति आवश्यक सेवा उपलब्ध कराना है। कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल से निगम सीमाक्षेत्र में नागरिकों को दी जाने वाली सुविधा बिजली, पानी सफाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपने हक के लिये मांग करने का पूरा अधिकार है और कर्मचारियों की मांगों पर शासन को विचार करना है। लेकिन अधिकार के साथ-साथ निकाय के मूल कार्य बिजली पानी सफाई नागरिकों को उपलब्ध कराना मूल कर्तव्य है, जिसे ध्यान में रखकर अति आवश्यक सेवा में कार्यरत कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करे। उन्होंने इस संबंध में कर्मचारियों से अपील की है कि उक्त सेवा में लगे कर्मचारी अपने कार्य में लौट कर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करे, जिससे मूलभूत सुविधा बाधित न हो।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने प्लेसमेंट एजेन्सी के ठेकेदारों से भी कहा है कि आपके अधीनस्थ कर्मचारी अपने कार्य में उपस्थित रहे। अनुपस्थित कर्मचारियों के एवज में नियम शर्तो के तहत कर्मचारी उपलब्ध करावे, जिससे अनिवार्य सेवा प्रभावित न हो।

## छत्तीसगढ़ शासन की हुई कैबिनेट में राइस मिलर्स के वर्ष 2022-23 के भुगतान पर

गंडई (दावा)। छत्तीसगढ़ के राइस मिलर्स शासन के निर्णय से निराश है। बुधवार को हुई कैबीनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ शासन और राइस मिलर्स के वर्ष 2022-23 के भुगतान पर सहमति नहीं बनी। साथ ही एसएलसी से परिवहन व्यय भी फाइनल नहीं हो पाया। यह बड़ी वादा खिलाफी की गई है । पूरे प्रदेश के मिलर्स जो सरकार से बड़ी उम्मीद लगाए बैठे थे, वह सभी सकते में आ गये है और निराश बैठे हुई है। मिलर्स का कहना है कि सरकार के कैबिनेट के निर्णय के बाद अब पुनः प्रदेश एसोसिएशन अपने मिलर्स के साथ कस्टम मिलिंग कार्य करने के निर्णय पर पुनर्विचार करेगा। सभी मिलर्स की बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक पर निगाह थी। सभी को आशा थी कि सरकार अपनी बातों को कैबिनेट में पास कराकर मिलर्स का काम सुचारू करेगी। लेकिन इसका उल्टा कैबिनेट ने निर्णय कर आर्थिक रूप से कमजोर हो चुकी मिलर्स की कमर को तोड़कर रख दी है।

# बिलासपुर-एलटीटी-बिलासपुर क्रिसमस फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन में एक एसी.3 एवं दो स्लीपर सहित तीन अतिरिक्त कोच की सुविधा



राजनांदगांव (दावा)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिलासपुर एवं एलटीटी के मध्य क्रिसमस फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। गाड़ी संख्या 08293/08294 बिलासपुर-एलटीटी-बिलासपुर स्पेशल ट्रेन एक फेरे के लिए बिलासपुर से 24 दिसंबर 2024 को एवं एलटीटी से 25 दिसंबर 2024 को चलाई जायेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडीए 04 सामान्य, 10 स्लीपर, 02 एसी टू टीयरए 02 एसी थ्री टीयर सहित कुल 20 कोच के साथ चलाने का निर्णय लिया था।

इस गाड़ी में अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 08293 बिलासपुर-एलटीटी स्पेशल में दिनांक 24 दिसंबर 2024 को तथा गाड़ी संख्या 08294 एलटीटी-बिलासपुर स्पेशल में दिनांक 25 दिसंबर 2024 को एक अतिरिक्त एसी-3 कोच एवं दो अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़ा गया है, अब यह गाडी कुल 23 कोच के साथ चलेगी, इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत गोंदिया स्टेशन पर इस गाडी का ठहराव दिया गया है।

# स्वच्छता दीदीयों की दो माह के मानदेय भुगतान के लिये नगरीय प्रशासन मंत्री से राशि आबंटित करने की महापौर ने की मांग

महापौर ने कर्मचारियों के मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने की अपील



राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत निगम सीमा क्षेत्र के एसएलआरएम सेन्टरों में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों की दो माह के लंबित मानदेय लगभग 60 लाख रूपये आबंटित करने नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव से मांग की है।

महापौर श्रीमती देशमुख ने नगरीय प्रशासन मंत्री श्री साव से मांग करते हुये कहा कि स्वच्छता दीदीया प्रातः 7 बजे से शाम तक प्रतिदिन घर घर कचरा संग्रहण कर एसएलआरएम सेन्टर में कचरा पृथककरण का कार्य करते है। बाजार क्षेत्रों में रात्रिकालीन कचरा संग्रहण भी किया जाता है। इस प्रकार दीदीयां सुबह से रात तक सप्ताह में सातो दिन अपने दायित्वों का निर्वाहन करती है। इसके एवज में इन्हें न्यूनतम मानदेय प्राप्त होता है, उक्त मानदेय राशि आबंटन के अभाव में इन्हें दो माह से नही मिल पा रहा है, जिससे इन्हे आर्थिक संकट का सामना करना पड रहा है। उन्होंने इनके कार्यो को ध्यान में रखकर दो माह का लंबित मानदेय राशि रूपये लगभग 60 लाख आबंटित करने की नगरीय प्रशासन मंत्री से मांग की है।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि वर्तमान में नगरीय निकाय के सभी कर्मचारी चाहे वे नियमित या ठेका पद्धति से हो वेतन एवं अन्य मांगों के लिये हडताल पर है, जिससे नागरिकों को मिलने वाली आवश्यक सेवा बिजली पानी सफाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा पूर्व में नगर निगम राजनांदगांव के कर्मचारियों के लंबित वेतन की मांग भी की गयी थी। उन्होंने मंत्री अरूण साव से मांग की है कि आगामी माह में नगरीय निकाय चुनाव भी होना है जिसे ध्यान में रखकर कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर निराकरण करने की कृपा करे।

आयुक्त विश्वकर्मा ने अति आवश्यक सेवा में कार्यरत कर्मचारियों से अपने काम में लौटने की अपील की।

# पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब शोले ब्रांड की जब्त



राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री कार्य में लगे आरोपी के पास से 20 पौवा देशी प्लेन शराब शोले ब्रांड को जब्त की है। साथ ही आरोपी के पास से शराब बिक्री की रकम 220 रुपए बरामद की है। कोतवाली थाना प्रभारी संजय बरेठ ने आरोपी का नाम रोहित सूर्यवंशी पिता कौशल सूर्यवंशी उम्र 19 वर्ष निवासी कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 बताया है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार 10 दिसंबर को सवा 8 बजे मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर घटना स्थल मठपारा तालाब के पास आरोपी रोहित सूर्यवंशी को धरदबोचा गया और उसके पास से 20 पौवा देशी प्लेन शराब शोले ब्रांड मात्रा 3.600 बल्क लीटर कीमती 1800 रूपये एवं बिक्री रकम 220 रूपये जुमला किमती 2020 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के तहत अपराध सबूत पाये जाने से अप0क्र0 757/24 धारा 34(1) आबकारी एक्ट कायम कर कार्यवाही किया गया। संजय बरेठ ने बताया कि आगे भी असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

# मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना वंशिका के लिए बनी मददगार

○ वंशिका को पढ़ाई के लिए मिली एक लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि



राजनांदगांव (दावा)। निर्माणी श्रमिक श्रीमती संगीता साहू की बिटिया वंशिका साहू को 10वीं कक्षा में राज्य स्तर पर टॉप 10 के छठवां स्थान प्राप्त करने पर राज्य शासन की ओर से 1 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि मिला है। आर्थिक रूप में बेहद कमजोर परिवार से संबंध रखने वाली वंशिका को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए राज्य शासन की मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना मददगार बनी है। वंशिका ने बताया कि वे राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड के दूरस्थ वनांचल ग्राम हालेकोसा में निवास करती हैं और शिक्षा भी स्थानीय शासकीय स्कूल में पढ़ाई कर रही है।

उन्होंने बताया कि उनकी मां श्रीमती संगीता साहू भवन निर्माण कार्य में मजदूरी का कार्य करती है और उनके पिता श्री तोरनलाल साहू की छोटी सी कपड़े की दुकान है। उनकी मां का छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में श्रमक पंजीयन कार्ड बना हुआ है। वंशिका ने बताया कि उनके माता-पिता मजदूरी करके दोनों भाई-बहन की पढ़ाई करा रहे हैं। वंशिका ने कहा कि प्राप्त राशि से शिक्षा के लिए मदद मिली है और मेरे माता-पिता के होने वाले खर्च का भार भी कम हुआ। माता-पिता के परिश्रम को ध्यान में रखते हुए वंशिका समर्पित भाव से पढ़ाई कर रही है। वंशिका डॉक्टर बनना चाहती हैं, जिसके लिए वह बॉयोलॉजी विषय लेकर पढ़ाई कर रही है। वंशिका ने 10वीं कक्षा में 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य की मेरिट सूची में छठवां स्थान प्राप्त किया है।

वंशिका की मां श्रीमती संगीता ने बताया कि उनकी बेटी पढ़ाई में बहुत अच्छी है। वह शुरू से ही पढ़ाई में बहुत अच्छी थी। वह स्कूल से घर आने पर पढ़ाई में ज्यादा समय देती है। उन्होंने कहा कि उन्हें पता नहीं था कि श्रम विभाग में उनके श्रमिक पंजीयन कराने से उनकी बिटिया के श्रेष्ठ प्रदर्शन से 1 लाख रूपए की मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन से प्राप्त राशि मेरी बिटिया के आगे की शिक्षा और डॉक्टर बनने के सपने के लिए बहुत मददगार होगी। वंशिका और उनकी मां श्रीमती संगीता साहू ने योजना के अंतर्गत उन्हें लाभान्वित करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल की ओर से पंजीकृत निर्माणी श्रमिकों के मेधावी बच्चों की मदद की जाती है। कक्षा 10वीं से लेकर स्नातकोत्तर और व्यवसायिक पाठ्यक्रम में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने पर 5 हजार रूपए से लेकर 12 हजार 500 रूपए तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

# लालबाग में गीता जयंती पर धूमधाम से निकली भव्य शोभायात्रा



○ शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए धर्म प्रेमी श्रद्धालु जन
○ देर शाम श्रीमद्भागवत गीता पर हुआ आध्यात्मिक प्रवचन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के लालबाग क्षेत्र में मोक्षदा एकादशी के पावन अवसर पर श्री गीता जयंती महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लालबाग स्थित झंडा साहेब से बाजे- गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद देर शाम श्रीमद्भागवत गीता पर साध्वी मीता ठक्कर आध्यात्मिक प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसे सुनने बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु जनों की उपस्थिति रही।

## 0 धूमधाम से निकली शोभायात्रा

मोक्षदा एकादशी व श्री गीता जयंती के शुभ अवसर पर लालबाग सिंधी कालोनी में धूमधाम के साथ श्रीमद्भागवत गीता की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

गीता जयंती महोत्सव अवसर हर्षोल्लास के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा में पीतल वसन धारी महिलाएं सिर में श्रीमद भागवत गीता का ग्रंथ धारण किए हुए चल रही थी। वहीं पुरुष जन भजन-कीर्तन करते हुए शोभा यात्रा का शोभा बढ़ा रहे थे। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण का मनमोहक छवि लिए हुए विशाल आकर्षक चित्र लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा था।

श्री गीता जयंती पर उक्त चित्र पर लोगों ने पुष्पार्पण कर योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण को नमन किया। लालबाग संत संतराम धाम झंडा साहेब से निकली उक्त शोभायात्रा धूमधाम के साथ हेमू कालाणी नगर का भ्रमण करने के बाद पुनः झंडा साहेब गली नं 3 पहुंची। जहां समापन पश्चात श्री गीता जयंती पर प्रवचन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस दौरान साध्वी श्रीमती मीता ठक्कर द्वारा भगवान श्री कृष्ण द्वारा महाभारत युद्ध के दौरान अर्जुन को कहें गए गीता वाणी की सारगर्भित उद्बोधन दिया गया जिसका बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आनंद तिरेक होकर श्रवण किया। कथा समाप्ति के पश्चात संत कंवर राम समिति द्वारा कार्यक्रम में पधारे सभी श्रद्धालु जनों के लिए महाप्रसादी भोज भंडारे की व्यवस्था की गई थी। जिसे लोगों ने आनंद के साथ ग्रहण कर धन्यता का अनुभव किया।

# मेडिकल कॉलेज में व्यवस्था सुधारने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को सौंपा मांग पत्र



राजनांदगांव (दावा)। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल व चिकित्सालय की स्थापना राजनांदगाव में की गयी जिससे दूरदराज से आने वाले मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल पाए, परन्तु प्रशासनिक उदासनीता व अरुचि के कारण मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध चिकित्सालय में व्यापक अव्यवस्थाएं निर्मित हैं।

मरीजों के लिए बनाये गए 4 लिफ्ट में सिर्फ 1 लिफ्ट चालू हैं, जिसमे भोजन वितरण करने वाले, स्ट्रेचर से मरीजों को ऊपर वार्ड ले जाने उपयोग किया जाता हैं। गंभीर पीड़ित मरीजों को स्टेचर से वार्ड में ले जाने रैंप बंद हैं। सायकल स्टेण्ड में मनमानी वसूली व मरीज के परिजनों से दुर्व्यवहार। दैनिक वेतन भोगी व ठेकदारी में कार्यरत टेक्निकल व नॉन टेक्निकल कर्मचारियों को नियमित समय में वेतन न मिलना। ब्लड बैंक में रक्तवीरो को रिफ्रेशमेंट न मिलना। पीएनसी वार्ड व गर्भवती वार्डो में क्षमताओं से अधिक मरीज। मरीजों की सुविधाओं व बेहतर चिकित्सा सुविधा हेतु निम्न समस्याओ को दूर करने की लिए मांग पत्र सौंपे गये।

# पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ



0 प्रतियोगिता के पहले दिन हुए रोमांचक मुकाबले
0 बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं देते हुए मुख्य अभियंता ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्रीय क्रीडा एवं कला परिषद के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव क्षेत्र द्वारा आयोजित पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ स्टेट स्कूल स्थित व्हालीबॉल मैदान में बुधवार को प्रातः 10 बजे किया गया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कपनीज के अंतर्गत आने वाले विभिन्न रीजन की 10 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ सीएसपीडीसीएल राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता शिरीष सेलट के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि की आसंदी को सुशोभित करते हुए श्री सेलट ने कहा कि कंपनी द्वारा ऐसे आयोजन का उद्देश्य है कि कर्मचारी खेलें और जिससे कि उनका सारा तनाव दूर हो जाये। उन्होंने कहा हार-जीत मायने नहीं रखता, सभी में आपसी भाईचारा बनी रहे और टीम भावना से खेलें। श्री सेलट ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विभिन्न क्षेत्रों से पधारे हमारे अधिकारी एवं कर्मचारी गणों का आपसी समझ एवं भाईचारे में वृद्धि होती है साथ ही अपनी बेहतर कार्यशैली का उल्लेख कर दूसरे कर्मचारियों को भी प्रेरित करने का अवसर प्राप्त होता है।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों को सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में अधीक्षण अभियंता के.सी. खोटे, क्षेत्रीय क्रीडा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र के सचिव कार्यपालन अभियंता बीरबल उइके, कार्यपालन अभियंता आर.के. गोस्वामी, ए.डी. टंडन, एन.के. साहू, सुरेश जाटवार, सहायक अभियंता अनिल रामटेके, रोहित मंडावी, अनिल मिंज, प्रकाश सोनटापर, डी.दिलेश्वर राव, वीरेन्द्र देवांगन, लालाराम पटेल, लोकेश्वर श्रीवास सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश स्तरीय इस विद्युत प्रतिस्पर्धा में 10 टीमों यथा मेजबान टीम राजनांदगांव क्षेत्र, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, मड़वा प्रोजेक्ट, अंबिकापुर क्षेत्र, रायपुर केन्द्रीय, रायपुर क्षेत्र, जगदलपुर क्षेत्र, दुर्ग क्षेत्र एवं बिलासपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों एवं मैनेजरों ने खेल भावना से खेल प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। राजनांदगांव क्षेत्र में इस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 11 से 13 दिसम्बर तक किया जा रहा है। इस समारोह में जिला व्हालीबॉल संघ राजनांदगांव द्वारा नियुक्त निर्णायक की टीम में श्रीमती संध्या पद्म, अभिषेक रजक, समर अब्बास एवं निसार अब्बास शमिल है। कार्यक्रम का संचालन पीआरओ धर्मेन्द्र शाह मंडावी ने किया। पहले दिन हुए रोमांचक मुकाबले में मेजबान टीम ने दुर्ग क्षेत्र को 2-0 से दी करारी शिकस्त

प्रदेश स्तरीय इस प्रतियोगिता में मेजबान टीम राजनांदगांव क्षेत्र ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए दुर्ग क्षेत्र की टीम को 2-0 से करारी शिकस्त दी। मैच के पहले सेट में दोनों टीमों ने आक्रमक खेल दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। पहले ही सेट में मेजबान टीम ने 1-0 की बढ़त बनाकर मेहमान टीम बिलासपुर पर दबाव बनाया। प्रतियोगिता के दूसरे मैच कोरबा पूर्व और बिलासपुर क्षेत्र के बीच खेला गया, जिसमें कोरबा पूर्व ने शानदार प्रदर्षन करते हुए बिलासपुर क्षेत्र को 2-0 से पराजित किया। तीसरा मैच कोरबा वेस्ट एवं मड़वा प्रोजेक्ट के बीच खेला गया जिसमें कोरबा वेस्ट ने 2-0 मैच को जीता। चौथा मैच रायपुर क्षेत्र और जगदलपुर क्षेत्र के मध्य खेला गया, जिसमें रायपुर क्षेत्र की टीम 2-0 से विजयी रहा। पांचवा मुकाबला अंबिकापुर क्षेत्र और कोरबा ईस्ट के बीच खेला गया इस मैच में कोरबा ईस्ट की टीम 2-0 से जीती। विदित हो कि पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 25-25 पॉइंट के तीन सेटों में किया जा रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विभिन्न RUB, ROB, LROB निर्माण व विविध कार्यो के लिए लिए ई-निविदा सूचना

1. **निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-ई-ओटी-24-25-13आर1 दिनांक 05.12.2024
**कार्य का नाम:** (ए) SKS-AGN ब्लॉक सेक्शन के बीच मानवयुक्त समपार सं. 489, कि.मी. 966/15-17 पर, को हटाने हेतु RUB का निर्माण। (बी) दुर्ग-नागपुर सेक्शन पर PJB-BTL स्टेशनों के बीच मानवयुक्त समपार सं. 478, कि.मी. 938/17-19 पर, को हटाने हेतु RUB का निर्माण। (सी) दुर्ग-नागपुर सेक्शन पर MUP-RJN स्टेशनों के बीच मानवयुक्त समपार सं. 459, कि.मी. 895/39-41 पर, को हटाने हेतु RUB का निर्माण। (डी) दुर्ग-नागपुर सेक्शन पर BTL-DKS स्टेशनों के बीच मानव युक्त समपार सं. 480, कि.मी. 944/27-29 पर, को हटाने हेतु RUB का निर्माण। (ई) दुर्ग-नागपुर सेक्शन पर दुर्ग-RSM स्टेशनों के बीच मानवयुक्त समपार सं. 448, कि.मी. 867/29-31 पर, को हटाने हेतु LROB का निर्माण।
**निविदा मूल्य:** ₹ 31,29,708/-
**बिड सेक्युरिटी:** ₹ 62,600/-

2. **निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-ई-ओटी-24-25-17 दिनांक 05.12.2024
**कार्य का नाम:** भारतीय रेलवे ऊर्जा कार्य योजना AP3/4 को लागू करने के अंतर्गत कार्बन न्यूट्रालिटी की दिशा में पारंपरिक पंखे के स्थान पर BLDC पंखे (5 स्टार रेटेड) का रेट्रो फिटमेंट।
**निविदा मूल्य:** ₹ 2,86,27,959/-
**बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 2,93,100/-

**निविदा की प्रस्तुति:** दि. **23.12.2024** से **06.01.2025** के **15:00** बजे तक। **निविदा का खोलना:** दिनांक **06.01.2025** को।
अधिक विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (RS&G), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
AIM/38-163

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल दावा

> **जो मनुष्य फल की इच्छा का त्याग करके केवल कर्म पर ध्यान देता है, वह अवश्य ही जीवन में सफल होता है।**

## ईवीएम पर खीझ निकालने की बीमारी, हर बार हो रही विपक्ष की फजीहत

महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों के बाद ईवीएम को लेकर आसमान सिर पर उठाए विपक्ष को तब झटका लगा, जब सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिकाकार्ता से पूछा, आखिर चुनाव हारने पर ही ईवीएम पर क्यों सवाल उठाए जाते हैं? याचिकाकर्ता के साथ ही विपक्ष के पास इस सवाल का कोई जवाब नहीं था। विपक्ष को एक और झटका तब भी लगा, जब इसी सोमवार को महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में प्रशासन ने 75 ईवीएम का वीवीवैट यानी मतदान पर्चियों से मिलान किया और यह पाया कि मतों में कहीं कोई अंतर नहीं।

इन ईवीएम का चयन सभी दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया, ताकि विपक्षी नेताओं के पास ऐसा कोई बहाना बनाने की गुंजाइश न रहे कि ईवीएम का चयन मनमाने तरीके से किया गया। इसके पहले ईवीएम के मसले पर महाराष्ट्र के विपक्षी दलों ने तब अपनी फजीहत खुद ही करा ली थी, जब उसके नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ लेने से इन्कार करने के दूसरे ही दिन शपथ ले ली थी। यदि विपक्षी दलों को यह जताना था कि वे ईवीएम विरोध को लेकर इतने गंभीर हैं कि उनके विधायक शपथ लेना जरूरी नहीं समझ रहे तो फिर कम से कम हफ्ते-दस दिन तो अपने स्टैंड पर कायम रहते। वैसे इस फजीहत के बाद भी यह तय मानिए कि विपक्ष का रोना-धोना बंद होने वाला नहीं है। वह कुछ नए बहाने खोजकर लाएगा और यह रोना रोएगा कि उसे जानबूझकर हरा दिया गया। वह खबरों में बने रहने के लिए कुछ नाटक-नौटंकी भी करेगा। वास्तव में वह कर भी रहा है।

इन दिनों महाराष्ट्र के विपक्षी नेता चुनाव आयोग को इस आशय की चिट्ठियां भेजने में लगे हुए हैं कि ईवीएम का इस्तेमाल बंद किया जाए। हर कोई जानता है कि इन चिट्ठियों से कुछ नहीं होने वाला। इनका उद्देश्य केवल जनता को बहकाना है। महाराष्ट्र के विपक्षी नेता गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को यह कहने के लिए उकसा रहे हैं कि उनका ईवीएम पर भरोसा नहीं रह गया है।

पिछले दिनों बची-खुची राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार ने एक गांव जाकर ईवीएम को निशाने पर लिया। उनके बयान को इंगित कर कुछ लोगों की ओर से यह माहौल बनाने की कोशिश की गई कि देखिए,अब जब शरद पवार ने भी ईवीएम पर संदेह जता दिया है तो फिर उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए, लेकिन इसका जवाब किसी के पास नहीं कि आखिर क्यों? क्या इसलिए कि ऐसा शरद पवार कह रहे हैं? शरद पवार बड़े नेता हैं, लेकिन इसका यह मतलब तो नहीं हो सकता कि वह जो कुछ कहें, उसे पत्थर की लकीर मान लिया जाए। वह नेता हैं, न्यायाधीश नहीं।

विपक्ष का ईवीएम पर रोना-धोना धोबी से न जीतने पर गधे के कान उमेठने वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। विपक्षी नेता यह तो कह रहे हैं कि महाराष्ट्र में फिर से चुनाव कराए जाएं, लेकिन वे यह कहने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं कि महाराष्ट्र के साथ झारखंड के भी चुनाव नतीजे उन्हें मंजूर नहीं और दोनों राज्यों में फिर से चुनाव कराए जाने चाहिए। शरद पवार की एनसीपी, उद्धव ठाकरे की शिवसेना के साथ कांग्रेस को भी महाराष्ट्र के चुनाव नतीजे रास नहीं आए और उसके नेता भी ईवीएम को कोस रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह एलान कर दिया है कि राहुल गांधी ने जैसे भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व किया था, वैसे ही ईवीएम छोड़ो यात्रा का भी करेंगे।

यदि कांग्रेस सचमुच ऐसी किसी यात्रा को लेकर गंभीर है, तो यह जानने की उत्सुकता रहेगी कि क्या यह यात्रा उन इलाकों से भी निकलेगी, जहां से कांग्रेस विधानसभा या लोकसभा के चुनाव जीती है? कायदे से ऐसे इलाकों वाले कांग्रेस के विधायकों और सांसदों को इस यात्रा में शामिल होने के पहले त्यागपत्र दे देना चाहिए। क्या वे ऐसा करेंगे? नहीं करेंगे, क्योंकि आसार यही हैं कि न नौ मन तेल होगा और न राधा नाचेगी। यदि राहुल गांधी ऐसी कोई यात्रा निकालते हैं तो वह अपनी और कांग्रेस की जगहंसाई ही कराएंगे। ईवीएम को अविश्वसनीय बताने के साथ उसके इस्तेमाल को रोकने के लिए उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में न जाने कितनी बार गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन ऐसे कोई प्रमाण न तो चुनाव आयोग के समक्ष पेश किए जा सके और न ही अदालतों के समक्ष कि उससे छेड़छाड़ की जा सकती है। 2009 के आम चुनावों के बाद भाजपा नेताओं ने भी ईवीएम पर अविश्वास जताया था। भाजपा नेता जीएल नरसिम्हा राव ने ईवीएम के खिलाफ एक किताब भी लिखी थी। डेमोक्रेसी एट रिस्क..नामक इस किताब की प्रस्तावना लालकृष्ण आडवाणी ने लिखी थी। विपक्ष जब-तब इस किताब का उल्लेख करता है, लेकिन लालकृष्ण आडवाणी ने तो यह भी कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए। क्या विपक्ष ने माना? ईवीएम को लेकर विपक्ष अक्सर यह भी कहता है कि दूसरे तमाम देशों और यहां तक कि अमेरिका में ईवीएम का इस्तेमाल नहीं होता और खुद एलन मस्क कह चुके हैं कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है। निःसंदेह उन्होंने ऐसा कहा था, लेकिन अमेरिकी ईवीएम को लेकर। एक तो भारत की ईवीएम अमेरिका की तरह नहीं है और दूसरे, क्या अमेरिका में जो कुछ होता है, वह सब हमें अपना लेना चाहिए? वहां राष्ट्रपति प्रणाली है।

क्या विपक्ष यह कहेगा कि भारत में भी ऐसा होना चाहिए? ईवीएम के मामले में इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि उसे भरोसेमंद बनाने के लिए समय-समय पर कई बदलाव किए गए हैं। जरूरत पड़ने पर आगे भी किए जाने चाहिए, लेकिन किसी को भी हार की खीझ उस पर निकालने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।

## एमआरपी का भ्रमजाल

**विजय प्रकाश श्रीवास्तव**

**एमआरपी तय करने का कोई कठोर नियम नहीं होता कंपनिया इसे अपनी मरजी से तय करती हैं और इसे इतना ऊंचा रखती हैं कि खुदरा विक्रेताओं को भी अच्छा मुनाफा मिल सके। समाज में बदलाव होते रहते हैं और बाजार में उपभोक्ताओं की आदतें भी बदलती रहती हैं। अब वस्तुओं, दवाओं आदि के पैकेटों पर छपे अधिकतम खुदरा मूल्य को ही लें। १०-१५ वर्ष पहले तक हम यह देखा करते थे कि जहां से हम सामान खरीद रहे हैं वहां हम से अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक तो नहीं लिया जा रहा है अब यह देखते हैं कि विक्रेता इस मूल्य के ऊपर कितना डिस्काउंट दे रहा है, डिस्काउंट मिल भी खूब रहा है लेकिन सब को नहीं। डिसकाउंट की संस्कृति सब से अधिक दवाओं के व्यापार पर हावी है, कम से कम महानगरों और शहरों में एलोपैथिक दवाएं बेचने वाले अधिकांश दुकानदार एमआरपी से १० प्रतिशत कम लिया करते हैं पर यह जरूरी नहीं कि डिस्काउंट बिन मांगे मिल जाए।**



हाल में मैं डाक्टर को दिखाने के बाद प्रिस्क्रिप्शन लेकर नजदीक की दुकान पर दवा खरदीने गया, डिस्काउंट मिलने की पुष्टि मैंने दुकानदार से पहले ही कर ली थी। मेरे सामने एक और ग्राहक आया, उसने मुझसे भी ज्यादा मूल्य की दवाएं खरीदीं, न उसने डिस्काउंट के बारे में पूछा, न दुकानदार ने उसे डिस्काउंट दिया। वास्तविकता यह है कि कम आय वाले, अल्पशिक्षित व्यक्ति अज्ञानतावश एमआरपी पर वस्तुएं खरीदा करते हैं. पढ़े लिखे और अच्छा पैसा कमाने वाले लोग एमआरपी पर मिलने वाली छुट का भरपूर लाभ उठा रहे हैं।

एमआरपी की अवधारणा हमारे देश में नागरिक आपूर्ति मंत्रालय द्वारा वर्ष 1990 में लागू की गई थी, इस उद्देश्य कर चोरी को रोकना तथा खुदरा विक्रेताओं को मुनाफाखोरी करने से रोकना था, एमआरपी सभी करों को मिला कर होता है। बहुत लोग इसे मानक या वाजिब मूल्य के रूप में देखते हैं, जबकि यह मुद्रित किया हुआ वह अधिकतम मूल्य है जिस पर आप को सामान बेचा जाना है। दुकानदार मुद्रित कीमत से अधिक कीमत नहीं ले सकता लेकिन इससे कम कीमत पर बिक्री जरूर कर सकता है।

मॉल्स में स्थित स्टोरों, रिटेल चेनों और गलीमहल्ले के दुकानदारों के लिए भी एमआरपी से कम कीमत पर सामान बेचना आम बात हो चुकी है, वे जानते हैं कि ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अब यह जरूरी हो गया है। कई दुकानों पर बोर्ड भी लगे होते हैं जिन में एमआरपी पर न्यूनतम कुछ (7 से 10) प्रतिशत छूट देने की बात कही गई होती है।

### ऑनलाइन शौपिंग का चलन

ऑनलाइन शौपिंग की लोकप्रियता किस तरह से बढ़ रही है, यह हमारी आंखों के सामने है लोगों ने करीब-करीब यह मान लिया है कि ऑनलाइन खरीददारी एमआरपी पर नहीं करनी है। पहले लोग अलग-अलग ऐप या वैबसाइट पर जा कर देखते हैं कि जो सामान उन्हें खरीदना है, कहां सब से कम कीमत पर मिल रहा है, इसके बाद ही वे अपना ऑर्डर प्लेस करते हैं, काफी लोगों की दिनचर्या का कुछ समय इसी में जाता है।

मेरे एक संबंधी बेंगलुरु में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में ऊंचे पद पर हैं, कुछ समय पहले तक उन का पूरी तरह से वर्क फ्रॉम होम चल रहा था जिसमें उन्हें हद से हद 4-6 घंटे दैनिक कार्य करना होता था। जब मैंने उनसे पूछा कि खाली समय में वे क्या करते हैं तो उन का जवाब था 'मोबाइल पर देखता रहता हूं कि कहां, क्या सस्ता मिल रहा है' एमआरपी को धता बता कर खरीदारी करना मध्य तथा उच्च वर्ग का शगल बनता जा रहा है। इस प्रवृत्ति का लाभ उठाने के लिए कंपनियां मार्जिन खूब बढ़ा कर अनापशनाप कीमतें मुद्रित करने लगी हैं, ग्राहक को लगता है कि डिस्काउंट पर सामान खरीद कर वह फायदे में है पर वास्तव में हमेशा ऐसा नहीं होता।

### मनोविज्ञान का फायदा

एमआरपी पर छूट का समीकरण कई बार समझ में नहीं आता, सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में से एक के कुछ उत्पादों के अलग-अलग विक्रेताओं द्वारा वसूले जाने वाले मूल्य की तुलना के समय कुछ चौंकाने वाली बातें सामने आईं, इस कंपनी का एक लोकप्रिय शैंप बैंड है जिसके 650 मिलीलिटर की बोतल की छपी हुई कीमत 730 रुपए है, एक ऐप पर इसे 578 रुपए और दूसरे पर इसे 530 रुपए में बेचा जा रहा है जबकि एक तीसरे पर एक खरीदो एक मुफ्त पाओ के हिसाब से यानी आधी कीमत पर मिल रहा है।

टूथपेस्ट की एक बड़ी कंपनी के एक खास टूथपेस्ट के 2 पैकेट कहीं 10, कहीं 25 तो कहीं 30 प्रतिशत की छूट पर बिक रहे हैं। अब जानकार लोग कीमतों की तुलना कर के न खरीदें तो क्या करें पर एक निश्चित एमआरपी होने के बावजूद किसी वस्तु को बेचने की कीमतों में इतना अधिक अंतर होना गले के नीचे नहीं उतरता।

### प्रतिस्पर्धा का बहाना

बाजार में प्रतिस्पर्धा अच्छी बात है लेकिन प्रतिस्पर्धा का लाभ जहां तक हो सके सभी को समान रूप से मिलना चाहिए, ग्राहक अपने मनोविज्ञान को भले न समझें पर कंपनियों तथा उनके उत्पादों को बेचने वालों ने इसे खूब समझ रखा है और वे इस का बढ़-चढ़कर लाभ उठा रहे हैं, हमें 499 रुपए छपे मूल्य वाली वस्तु 349 रुपए में मिल जाती है तो इस सौदे से हम खुश हो जाते हैं पर हमें शायद यह नहीं मालूम होता कि वस्तु की अंतर्निहित कीमत 100 रुपए भी नहीं है।

जब एयरलाइंस हवाई टिकटों को मनमाने दामों पर बेचने लगी थीं तो सरकार ने हस्तक्षेप कर इन टिकटों हेतु 'कैप' यानी उच्चतम सीमा निर्धारित करने का निर्णय लिया पर साबुन, तेल, बिस्कुट आदि जैसी चीजों के लिए न तो यह संभव है और न ही व्यावहारिक, एमआरपी के साथ एक और समस्या है, हवाई अड्डों पर और फैन्सी रैस्तरां में एमआरपी से ज्यादा वसूला जाता है। इन स्थानों पर यदि पानी की 20 रुपए की बोतल के लिए 80 रुपए और चिप्स के 45 रुपए के पैकेट के लिए 110 रुपए चुकाने पड़ें तो यह सामान्य बात मानी जाती है।

देश में उपभोक्ता संरक्षण कानून के साथ एकाधिकार और प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार अधिनियम भी काफी समय से लागू है जो उपभोक्ताओं का शोषण रोकने के लिए है। यहां प्रतिवाद तो शायद ही कोई करता है। प्रतिवाद करे भी तो उत्तर अकसर यही मिलता है कि खरीदना, न खरीदना आप की मरजी है, कीमत तो बढ़ी हुई ही लगेगी।

निस्संदेह एमआरपी अपने वर्तमान स्वरूप में दिखावा है और आगे भी इस के इसी रूप में बने रहने की उम्मीद है, एक उपभोक्ता के रूप में हम आप यही कर सकते हैं कि बचत तो अधिक से अधिक करें लेकिन सिर्फ इसलिए कि कोई चीज एमआरपी से काफी नीचे कीमत पर मिल रही है, अनावश्यक खरीदारी न करें।

## विचार सरिता

## मन में बसे हैं राम - 339 : श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी पहुंचे गंगा के तट पर, प्रतीक्षारत हैं श्रमवीर केवट

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



सुमंत जी जब रथ पर सवार हुए तो घोड़ों ने भी आगे बढ़ने से मना कर दिया। यह स्वाभाविक ही है क्योंकि श्री राम के प्रेम साहचर्य में मनुष्य तो क्या पशु - पक्षी भी गहरे अनुराग का अनुभव करते हैं। अत्यंत कठिनाई से सुमंत जी रथ पर सवार हुए और घोर विषाद का अनुभव करते हुए उन्होंने अयोध्या की दिशा में अपना रथ बढ़ाया।

श्री राम, सीता जी, लक्ष्मण जी और निषादराज गंगा तट की ओर बढ़े। मार्ग में गंगा तट से वापस आ रहे सेवक ने उन्हें जानकारी दी,

''पृथक से नौका की व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं हुई राजन! एक केवट अपनी नाव लेकर तट पर ही है।''

''अच्छा!'' निषादराज ने संक्षिप्त उत्तर दिया और सभी आगे बढ़ गए।

यह एक विचित्र संयोग है कि आज प्रातः काल से ही केवट को कोई यात्री नहीं मिला, जो उसकी नौका में बैठकर गंगा पार करे। केवट श्रमजीवी हैं। अत्यंत परिश्रम से गंगा नदी की तीव्र धारा में अपनी पतवार से नैया खेते हुए यात्री को आगे ले जाते हैं। नदी के जल में कोई ठहराव नहीं होता। वह अपनी नौका की हर यात्रा में एक नया जलपथ बनाता है। इस कर्मवीर ने अपने जीवनकाल में अब तक न जाने ऐसे कितने जलपथ बनाए हैं। आज गंगा की जलधारा में एक और नया जलपथ निर्मित होगा, जब श्री राम की नौका आगे बढ़ेगी और उस पार उतरेगी।

श्री राम और अन्य लोगों को निकट आता देखकर केवट मन ही मन प्रसन्न हुआ। निषाद राज के सेवक ने केवट को श्री राम के आने की सूचना नहीं दी थी। उसने दूर से ही केवट को देखकर यह सुनिश्चित कर लिया था कि नदी तट पर नौका मिल जाएगी।

जलधारा के समीप पहुंचने पर केवट प्रसन्नता से चिल्ला उठा, ''अहो भाग्य! आज निषाद राज प्रातः काल ही नदी तट पर पधारे हैं।''

''अहो भाग्य नहीं महाभाग्य प्रिय! देखो, मैं अपने साथ किनको लाया हूं।'' निषाद राज ने प्रसन्नता से कहा।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

## सत्ता के साथ अहंकार आता है, और वह बदला में जुट जाता है

खबर पढ़कर, बानी बोले- ''गजाधर!
आज की राजनीति
हो गई है दलनीति।
जो चुनाव जीत कर
सत्ता में आते है
वे फिर चुन-चुन कर
विरोधियों से बदला
लेने में जुट जाते हैं।
इसीलिए मुझे अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति
डोनाल्ड ट्रम्प ने जो यह कहा
कि वे पदभार ग्रहण करने के बाद
अपने राजनीतिक विरोधियों से
बदला नहीं लेंगे,
हमें उनकी बात अच्छी लगी
हम उनकी तारीफ करेंगे।
गजाधर! आप इस पर
अपने विचार कहेंगे?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-
''बानी! देखो, राजनीतिक नेता
कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं।
इसलिए मुझे नहीं लगता
कि प्रेसिडेन्ट की कुर्सी पर बैठने के बाद
ट्रम्प जैसे बड़बोले आदमी में
अहंकार का भाव नहीं जगेगा
और फिर उनका वह अहंकारी भाव,
याद-याद कर बदला नहीं लेगा।''



गिरीश बख्शी

## शब्द सामर्थ्य -262

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :** 1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्यभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे :** 1. आत्मनिर्भर, स्वावलंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, वैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 261 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

## सू- दोकू क्र 262

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.261 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## कविता

## //व्यथा युवाओं की//

दिन रात पढ़ें लिखें, रोज कुछ नया सीखें,
युवा नित ऊँचे-ऊँचे, सपने सजाते हैं।
मोटीङ्कमोटी सी किताब, रखते नहीं हिसाब,
नींद-चैन खान-पान, दॉव पे लगाते हैं।।
अपना शहर छोड़ें, दूर देश नाता जोड़ें,
नदियों की धारा जैसे, पैसे भी बहाते हैं।
तकलीफें मोल लेते, खेती-खार बेच देते,
गरीब माँ-बाप देखो, विश्वास जगाते हैं।।
मेहनत खूब करें, फॉर्म हर माह भरें,
घर से वे दूर रहें, कोचिंग में जाते हैं।
नौकरी की आस जागे, इसके ही पीछे भागे,
आधी जिंदगी तो युवा, ऐसे ही बिताते हैं।।
घूसखोरी का जमाना, उल्टे पाँव लौट जाना,
सीधे-सादे भोले लोग, देखो धोखा खाते हैं।।
काम पाने सरकारी, होती रोज मारामारी,
कुछ लोग गड्डी फेंके, हक वे जमाते हैं।
नौकरी जो पास नहीं, जीवन भी खास नहीं,
युवाओं के पास बैठो, व्यथा वे सुनाते हैं।
बढ़ती है परेशानी, सब की यही कहानी,
ताना कसे रिश्तेदार, व्यंग्य बरसाते हैं।।
किस्मत की नहीं बात, हृदय में होती घात,
बड़े ही जतन कर, नौकरी वे पाते हैं।
हाथ लगे सरकारी, चारों ओर चर्चा भारी,
जिंदगी आनंद भरे, खुशियाँ मनाते हैं।।




प्रिया देवांगन ''प्रियू''
राजिम, जिला - गरियाबंद, छत्तीसगढ़

## राशिफल



**मेष**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप कोई नई योजना बना सकते हैं। कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। अचानक धन लाभ होने की संभावना है। इस राशि के जो लोग नौकरी में है, आज उन्हें सफलता मिल सकती है। किसी कार्य में अपनों की मदद आपको मिल सकती है।




**वृष राशि**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में आज के दिन नया बदलाव आयेगा। जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आपका सेहत बेहतर बना रहेगा। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स से जुड़े हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जो उनको लाभ पहुंचाएगी।




**मिथुन**
आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ सकती है। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। किसी पुराने दोस्तों से मिलने का योग बन रहा है। परिवार से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। आज आप जीवनसाथी के साथ यादगार पल बितायेंगे।




**कर्क**
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आपको अपने सोच और व्यव्हार को संतुलित रखना चाहिए। किसी पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपको कोई बड़ा फैसला लेने से बचना चाहिए। आपको अपने गुस्से पर काबू रखना चाहिए।



**सिंह**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको कुछ काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। परिवार के साथ मूवी का प्लान बना सकते हैं। पैसों के लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। अगर आप समय का सदुपयोग करेंगे, तो आपको फायदा जरूर मिलेगा। किसी तरह की पुरानी बातों पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए।




**कन्या**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी। आपको कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है। आपको पैसे कमाने के अच्छे मौके मिलेंगे।



**तुला**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। सोसाइटी में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रख सकते हैं, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। आपका आर्थिक पक्ष थोड़ा कमजोर हो सकता है। परिवार के कुछ मामलों में आपको अनदेखा करने से बचना चाहिए।




**वृश्चिक**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं।




**धनु**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्त्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम तक किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। लवमेट के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा।



**मकर**
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे हो सकते हैं, इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है। किसी बात को लेकर भाई-बहन से थोड़ी अनबन हो सकती है। आप बच्चों के साथ टाइम स्पेंड कर सकते हैं। आप नए काम पर सोच-विचार कर सकते हैं।



**कुंभ**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। कामकाज से जुड़ी कोई बड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी। साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। साथ ही दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित भी होंगे।



**मीन**
आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी खास काम में आपको फायदा मिल सकता है। भाई-बहन के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बात से प्रभावित हो सकते हैं। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा हो सकता है। सामाजिक कामों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कार्यस्थल पर आपको सहयोग मिल सकता है।

# छुरिया के कांग्रेसजनों ने राज्यपाल के नाम से सौंपा ज्ञापन



छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के किसान भाईयों को धान बेचने में हो रही परेशानी तथा सरकार के किसान विरोधी रवैये के विरोध व किसान भाईयों के हित में जिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के तत्वाधान में एकत्रित होकर तहसीलदार को राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा गया जिसमें 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है, लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को कांग्रेस ने धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों पर गये, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियों को देखा धान खरीदी केन्द्रो पर किसान निम्नांकित परेशानियों से जूझ रहे है। बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है. जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुये है जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता, किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानों की व्यवस्था स्वंय करो उसका भुगतान किया जायेगा, लेकिन किसानों के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा। टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा।

इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1 किलोग्राम से 2 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। धान के बोरे जाम है। जगह का अभाव हो गया है। अनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विंटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग धान बेच चुके है, उनके खाते के रकम हफ्तों तक नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एकमुश्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रू. प्रति क्विंटल ही आ रहा है। भाजपा ने 3100 रू. एकमुश्त देने का वादा किया था। हमारी मांग है धान की कीमत का भुगतान 3217 रू. में करें क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। इस वर्ष केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रू. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था। उन्होंने मांग की कि किसानों की परेशानियों के निराकरण तथा किसानों का पूरे धान की खरीदी सुनिश्चित करने हेतु आप हस्तक्षेप कर राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश दे। उक्त कार्यक्रम में रितेश जैन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, विपिन यादव संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, राहुल तिवारी प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी, राजकुमारी सिन्हा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, सुनील लारोकर पूर्व अध्यक्ष, मनोज सिन्हा पूर्व सदस्य पिछड़ा आयोग छत्तीसगढ़, प्रकाश शर्मा पूर्व विधायक प्रतिनिधि, भीखम देवांगन उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, अमित अग्रवाल सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, राधे ठाकुर वरिष्ठ पार्षद, अकील मेमन वरिष्ठ कांग्रेस नेता, शकील कुरेशी पूर्व एल्डरमैन, जावेद मेमन वरिष्ठ नेता, पुष्पा सिन्हा सचिव महिला कांग्रेस, विनोद मंडलोई दिनेश हिरवानी अध्यक्ष युवा कांग्रेस सोनू खान महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस भारत साहू जयलाल साहू सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# न्यौता भोजन में बच्चों ने गरमा-गरम जलेबी, भजिया, बर्फी, पूड़ी एवं सुरूचिपूर्ण भोजन का लिया आनंद



राजनांदगांव (दावा)। न्यौता भोजन की अवधारणा से बच्चों के फूड हैबिट में सकारात्मक परिवर्तन आया है। शासन के न्योता भोजन की पहल के कारगर परिणाम दिखाई दे रहे हैं। भोजन जब स्वादिष्ट व पौष्टिक हो और पढ़ाई करने के साथ-साथ ऐसा स्वादिष्ट व्यंजन मिले तो बच्चों में न केवल अध्ययन के प्रति रूचि बढ़ती है, बल्कि उनका स्वास्थ्य अच्छा रहता है। वहीं स्कूल जाने के लिए बच्चों में खुशी रहती है। ऐसी ही खुशी और मुस्कान दिखाई दे रही है, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डुन्डेरा के बच्चों के चेहरों पर। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला डुन्डेरा में उनकी थाली में आज परोसा गया है, गरमा-गरम जलेबी, भजिया, बर्फी, पूड़ी एवं अन्य सुरूचिपूर्ण भोजन। विभिन्न व्यंजनों के साथ बच्चों ने दैनिक भोजन दाल, चावल, पापड़, आलूगोभी की सब्जी, सलाद का आनंद लिया। बच्चों ने प्रार्थना कर भोजन खाना प्रारंभ किया। भोजन करने के पहले बच्चों ने हैंडवाश किया और अपने साफ-सुथरे हाथों को दिखाकर अपनी खुशी जाहिर की। वहीं पीएमश्री स्कूल डुन्डेरा में बच्चों को दाल, चावल, सब्जी, पूड़ी, पापड़, फल एवं मिठाई दी गई। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डुंडेरा के अध्यक्ष श्री विरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि स्कूल में न्योता भोजन जनसहभागिता से अच्छी तरह संचालित हो रहा है। सहायक शिक्षक पीएमश्री प्राथमिक शाला डुंडेरा के श्री राकेश चंद्रवंशी ने बताया कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत न्योता भोजन आयोजित किया जा रहा है। विशेष आयोजनों पर न्योता भोजन का आयोजन किया जा रहा है। शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों द्वारा खासतौर पर जन्मदिन विभिन्न पर्व के अवसर पर न्योता भोजन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज समिति के अध्यक्ष श्री प्रीतराम वर्मा की ओर से न्योता भोजन का आयोजन किया गया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा बच्चों को पौष्टिक आहार देने के लिए जनसहभागिता से न्योता भोजन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिससे अभिभावकों तथा समाज की सहभागिता एवं दायित्व स्कूलों के प्रति बढ़ी है।

उल्लेखनीय है कि न्योता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों व त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते हैं। यह पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान दे सकते हैं। न्योता भोजन, स्कूल में दिए जाने वाले मिड-डे मील का विकल्प नहीं है, बल्कि यह इसके अतिरिक्त है। दानदाताओं को न्योता भोजन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## पहला कॉलम...

### सर्व ब्राह्मण समाज युवा मंच छुरिया के अध्यक्ष बने दीपक दुबे



छुरिया (दावा)। धमतरी सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा छुरिया के ब्राह्मण सम्मेलन में समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी युवा मंच प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत शर्मा ने समाज सेवी दीपक दुबे को छुरिया जिला राजनांदगांव का अध्यक्ष नियुक्त किया है इस नियुक्ति पर बधाई देने वालों में डॉ.प्रकाश शर्मा सूरज शर्मा टीकम प्रसाद पांडे पवन तिवारी दीपेश शर्मा कान्हा शर्मा अरुण दीवान मनीष त्रिपाठी सुरेश महाराज पप्पू महाराज धीरेंद्र तिवारी भूषण प्रसाद तिवारी कृष्णा तिवारी कुमुद किशोर शुक्ला मनहरण तिवारी ने बधाई दी है।


### बाल क्रीडा स्पर्धा के पुरस्कार वितरण में शामिल हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम नरेठीटोला (कुमरदा) में संकुल स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामवासियों एवं शाला परिवार के सहयोग से किया गया। स्पर्धा के समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि घासीराम साहू के मुख्य अतिथि में हुआ। मुख्य अतिथि घासीराम साहू ने खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए बधाई दिए तथा पुरस्कार वितरण किया।

इस मौके पर नीरेंद्र साहू, कैलाश शर्मा, अनिरुद्ध चंद्राकर, सावित्रीबाई बोधन साहू, नूनकरण भूआर्य, मोहन यादव, गोकुल गोर्रा, प्रताप सिंह माहला, सुंदरलाल साहू, दिनेश साहू, कोमल सिन्हा, नवीन साहू, चोवाराम साहू, चित्रागन साहू, प्रदीप साहू संकुल के समस्त स्टाफ शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सौरभ जांभुलकर को वार्डवासियों की ओर से पार्षद इंदुरकर द्वारा दी गई शुभकामनाएं



डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में चयनित होकर जिला सहकारिता अधिकारी बनने पर सौरभ जाभुलकर को वार्डवासियों की ओर से श्रीमती अनीता लोकेश इंदुरकर द्वारा स्वागत सत्कार बधाई व शुभकामनाएं दी गई। वार्ड पार्षद श्रीमती इंदुरकर ने कहा कि, सौरभ ने मेहनत और लगन से मुकाम हासिल कर परिवार एवं समाज का नाम ऊंचा किया है। समस्त वार्डवासियों की ओरसे, हृदय की गहराइयों से बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। तथागत की कृपा आप पर आपके परिवार पर सदा बनी रहे।

### राज्य सरकार के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर उप जेल डोंगरगढ़ में विभिन्न गतिविधियों का हो रहा आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जेल विभाग द्वारा सफाई अभियान हेतु श्रमदान एवं संगोष्ठी कार्यक्रम के आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अंतर्गत उप जेल डोंगरगढ़ में 9 से 20 दिसम्बर 2024 तक विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। 9 दिसम्बर को पाकशाला सफाई, 10 दिसम्बर को स्नानागार एवं शौचालय सफाई, 11 दिसम्बर को बैरक एवं प्रांगण सफाई का आयोजन किया गया।

12 दिसम्बर को कार्यालय सफाई, 13 दिसम्बर को कचरा प्रबंधन पर संगोष्ठी, 14 दिसम्बर को दीवारों की सफाई एवं चित्रकारी, 15 दिसम्बर को जेल कालोनी की सफाई, 16 दिसम्बर को ध्यान कार्यक्रम, 17 दिसम्बर को स्वच्छता पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम, 18 दिसम्बर को स्वच्छता पर लेख, 19 दिसम्बर को वृक्षारोपण एवं बेरक क्रिकेट, 20 दिसम्बर को सफाई हेतु सजग रहने वाले बंदियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

# प्रदेश के शिक्षक फिर आंदोलन की राह पर

**0 अपार आईडी के नाम पर विभाग द्वारा शिक्षकों को दी जा रही मानसिक प्रताड़ना 0 सालभर का कार्य तुरंत करने डाला जा रहा अत्यधिक मानसिक दबाव 0 स्कूलों में ऑनलाइन कार्यों का भरमार, पढ़ाई हेतु समय नहीं 0 अपार आईडी, अधिवार्षिक परीक्षा, वार्षिक खेलकूद सहित अनेकों कार्य एक साथ 0 दबाव कम नहीं किया तो संगठन करेगा आंदोलन**

छुरिया (दावा)। सभी स्कूली बच्चों का अपार आईडी जल्द से जल्द बनाने हेतु शिक्षकों पर रोज फोन कर विभाग द्वारा अनावश्यक दबाव डाला जा रहा है। जिससे प्रदेशभर के शिक्षक बेवजह मानसिक रूप से परेशान है। विभागीय आदेशानुसार अपार का कार्य जल्द पूर्ण नहीं करने पर कार्रवाई करने की बाते कही जा रही है। जबकि प्रत्येक बच्चों का अपार बनाना इतना आसान नहीं है। आधार कार्ड में बच्चों का नाम अलग है जबकि स्कूलों के रिकॉर्ड में अलग अलग है। ऐसे में उसे बदला भी नहीं जा सकता। स्कूल के रिकॉर्ड और आधार कार्ड के नाम को मैच करने के लिए पालकों को रोज दौड़ भाग करना पड़ रहा है। उक्त कार्यों के लिए काफी समय चाहिए। अभी का वक्त ऐसा है कि स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा लेना, परीक्षा का रिकॉर्ड संधारित करना, परीक्षा की तैयारी करना, वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न कराना आदि। इसके साथ ही अपार आईडी बनाना। इसके लिए शिक्षक मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे है। रोज दिन रात काम करने के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं हो रहा है। नए विभागीय ऑनलाइन कार्यों, विभिन्न प्रशिक्षण, आए दिन संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों व आयोजनों के निर्देश के कारण शिक्षक अपने मूल कार्यों से परे होते जा रहे हैं। स्कूलों में ऑनलाइन एंट्री, डाक बनाने एवं अन्य कार्यक्रमों के कारण अध्यापन के लिए समय नहीं मिल रहा है।

'छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक मंच' के प्रदेशाध्यक्ष जाकेश साहू, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष परस राम निषाद, जिलाध्यक्षद्वय पुरुषोत्तम शर्मा, परमेश्वर साहू, महेश्वर कोटपरहिया, महेंद्र टंडन, बरत राम रत्नाकर, निर्मल भट्टाचार्य, धन्नू साहू, उत्तम कुमार जोशी एवं प्रदेश जिला व ब्लाक पदाधिकारीगण उज्जवल चंद्रा, अभिमन्यु बघेल, रंजिता बरेठ, राजूकुमार संवरा, मयाराम सतरंज, ईशा नायक, राधेश्याम चंद्रा, यशवंती, धीवर, मनीराम केंवट, सुन्दर साहू, पुष्पेन्द्र बनाफर, नरेश चंद्रा, दादूलाल चंद्रा, मुकेश नायक, धर्मेंद्र रजक, गुणक चौधरी, रंजीत गुप्ता, सगुन तिवारी, गणपत राव, राधेश्याम धीवर, राजेश पाठक, अजित नेताम, विजेंद्र पाठक, श्याम केंवट, सुजाता त्रिपाठी, अजय भट्ट, कुमार पाठक, त्रिवेणी राजपूत, नामदेव सिंह सहित समस्त पदाधिकारियों ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में प्रतिदिन मध्यान भोजन की एंट्री, हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में माध्यमिक शिक्षा मंडल में नामांकन एवं परीक्षा फॉर्म, यू डाइस में सभी विद्यार्थियों का एंट्री कार्य किया जा रहा है। छात्रवृत्ति की एंट्री व दस्तावेज अपलोड करना पड़ रहा है। अब अपार आईडी की एंट्री कर, जनरेट करने का कार्य भी शिक्षकों को करना पड़ रहा है। वर्तमान में शिक्षकों की वार्षिक चल अचल संपत्ति का विवरण को ऑनलाइन अपलोड करने का भी दबाव बनाया जा रहा है। संगठन ने कहा है कि कोई भी कार्यों के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। अपार आईडी को बनाने के लिए सालभर का समय निर्धारित किया जाये। चूंकि स्कूलों में बहुत सारे कार्यों को भी करना रहता है। अपार के लिए हड़बड़ी व अनुचित रूप से अत्यधिक विभागीय प्रेशर कतई उचित नहीं। यदि शिक्षकों पर विभागीय दबाव तत्काल बन्द नहीं की गई तो प्रदेशभर के सारे शिक्षक स्कूलों में तालेबंदी कर हड़ताल में चले जाएंगे।

# सोसायटियों की व्यवस्था को लेकर सरकार पर बरसे - मदन साहू



**किसान हितों को लेकर कांग्रेस ने ब्लॉक मुख्यालय में किया धरना प्रदर्शन**

राजनांदगांव (दावा)। राज्य सरकार द्वारा सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन दर पर किसानों से की जा रही धान खरीदी में अवस्था दुर्व्यवस्था को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदन साहू के नेतृत्व में डोंगरगांव के अछोली और डोंगरगांव ब्लॉक के अर्जुनी में धरना प्रदर्शन किया गया। डोंगरगढ़ के अछोली सोसाइटी तकरीबन एक सप्ताह से बंद है। इसके अलावा जिले के अनेक सोसाइटी बंद होने की कगार पर है। इससे पहले पीएससी के आह्वान पर उन्होंने विभिन्न सोसाइटियों का निरीक्षण किया। जिसमें किसानों ने उन्हें अनेक समस्याएं बताइए निरीक्षण और आंदोलन के दौरान मदन साहू ने सरकार को जमकर निशाना बनाया।

श्री साहू ने कहा कि प्रदेश के किसान भाईयों को धान बेचने हो रही परेशानी तथा सरकार के किसान विरोधी रवैये के विरोध व किसान भाईयों के हित में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने 10 दिसंबर 2024 को प्रदेश के सभी ब्लॉक मुख्यलायों में धरना/प्रदर्शन कर सक्षम अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपे गया।

पूरे प्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने धान खरीदी केन्द्रों का भ्रमण कर खरीदी केन्द्रों में व्याप्त अव्यवस्था व किसानों को हो रही परेशानियों से अवगत हुए हैं। धरना/प्रदर्शन के माध्यम से खरीदी केन्द्र भ्रमण के दौरान पाये गये प्रशासनिक अव्यवस्था जैसे-बारदाने कमी, टोकन की अव्यवहारिक व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक तराजू में तौलाई में किसान भाईयों का प्रति बोरा 1.5 से 2.5 किलोग्राम का नुकसान होने, सोसायटी में धान उठाव की समुचित व्यवस्था नही होने से आवक धान के लिए जगह का अभाव, चुनावी संकल्प पत्र में किये गये वायदे अनुरूप प्रति एकड़ 21 क्विंटल की धान खरीदी नही होना, धान का मूल्य प्रति क्विंटल 3100रू. एकमुश्त दिये जाने साथ ही, केन्द्र सरकार द्वारा धान के समर्थन मूल्य में की गयी 117 रू. प्रति क्विंटल को मिलाकर कुल-3217 रू. प्रति क्विंटल की मांग, बीज उत्पादक किसानों से धान खरीदे जाने सहित किसान हित के विभिन्न मुद्दों को मीडिया के माध्यम से आमजनता को अवगत कराते हुए उक्त अव्यवस्थाओं के निराकण के लिए राज्य की भाजपा सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जाना है।

# भाजपा सरकार के अच्छे कामों का कांग्रेस हमेशा करती है विरोध - परविंदर सिंह मोंटी



**विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं कांग्रेसी**

डोंगरगढ़(दावा)। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में मात्र एक वर्ष के कार्यकाल में ही प्रदेश सहित धर्म नगरी डोंगरगढ़ के विकास के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कर दी गई है। जिसमें प्रमुख रूप से डोंगरगढ़ से कटघोरा रेलवे लाइन की स्वीकृति, शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने बायपास मार्ग (रिंगरोड) के निर्माण की स्वीकृति, डोंगरगढ़ के प्रमुख धार्मिक स्थलों को आपस में जोड़ने के लिए परिक्रमा पथ निर्माण की स्वीकृति, गौशाला के पास से नीचे मंदिर तक वाई शेप ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति, अमृत स्टेशन अंतर्गत रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं का विस्तार एवं शहर के विभिन्न वार्डो में अधोसंरचना मद के माध्यम से 3 करोड़ की राशि से विकास कार्यों की स्वीकृति दी है। जो भाजपा की सरकार द्वारा डोंगरगढ़ के विकास के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद संतोष पाण्डेय के कुशल नेतृत्व एवं विकास परख सोच को दिखाता है। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी द्वारा यह भी बताया गया कि भाजपा की सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से डोंगरगढ़ एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में विकास कार्यों की ढेरो सौगातें दी गई है। परन्तु इसके विपरीत कांग्रेस सरकार द्वारा विकास कार्यों में अवरोध पैदा करने की नियत से डोंगरगढ़ कटघोरा रेलवे लाइन को लेकर किसानों को भ्रमित किया जा रहा है। जबकि उनकी सरकार के समय ही भू अर्जन की प्रक्रिया को लंबित रखा और कांग्रेस की राज्य सरकार ने अपना अंशदान भी नहीं दिया था। जिससे इस परियोजना में काम शुरू नहीं हो पाया अभी वर्तमान में सर्वे का कार्य जारी है जिसके अंतर्गत मैनुअल सर्वे, ड्रोन सर्वे एवं राज्य सरकार और रेलवे की ज्वाइंट सर्वे की फाइनल रिपोर्ट आनी बाकी है जिसके अंतर्गत रेलवे के नियमों के तहत नए सर्वे के आधार पर मुआवजा प्रकरण तैयार होगा जिसमें किसानों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। जब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी तब बाईपास निर्माण, परिक्रमा पथ योजना, वाई शेप ओवर ब्रिज निर्माण जैसी अनेकों विकास परख योजनाओं की स्वीकृति क्यों नहीं दिलवाई वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा इन योजनाओं के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृति के अलावा इन कार्यों की शुरुवात की जा रही है। तब कांग्रेसी यह सब पचा नहीं पा रहे है और लोगों को भ्रमित कर रहे है, जिससे उनका असली चेहरा जनता के सामने आ रहा है।

# हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कार्य करना हमारी भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता- घम्मन साहू



खैरागढ़ (दावा)। वनांचल में स्थित ग्राम पंचायत देवरी में लगभग 8 लाख की लागत के 2 विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह जिला पंचायत सभापति एवं जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य में विगत दिनों संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय जनपद सदस्य मंजू धुर्वे ने की वही विशिष्ट अतिथि के रूप में पांडादाह मंडल महामंत्री गोरेलाल वर्मा, ग्राम देवरी के सरपंच केजराम साहू, उप सरपंच मानिक टंडन, जिला पत्रकार संघ उपाध्यक्ष मो. याहिया नियाज़ी सहित ग्राम पंचायत सचिव नाज़नीन नियाज़ी, पंच केवल साहू, रेखा वर्मा, राधा केलकर, मंटोरा वर्मा, रोजगार सहायक रामसुख कंवर, हरलाल केलकर, प्रेम लाल वर्मा, सुकृत वर्मा, मनोज गैंद्रे, दीप वर्मा, मोतीलाल सिन्हा, मोहन सिन्हा, सतीश टांडेकर, प्रशांत चौरे, देवदास चौरे, भरत वर्मा, पंचू साहू, मेहतर साहू, पंच राम साहू, हुकुम सिंह वर्मा, चंद्र बहादुर वर्मा, दुखू लाल सिन्हा, चैतराम कोसरे, भूमिका चौरे, मनोज वर्मा, लाला सेन, राजकुमार साहू, कार्तिक धुर्वे, ईतवारी यादव, राम्हु यादव, रोहित, रमहला धुर्वे, नरेश चंद्रवंशी, रोहित कुमार खरे व लेखू गैंद्रे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति घम्मन साहू ने वनांचल में स्थित ग्राम पंचायत देवरी के वार्ड क्रं 4 में विधायक निधि (प्रभारी मंत्री के अनुमोदन) से 5 लाख की लागत से निर्मित सिन्हा पारा में सामुदायिक भवन व वार्ड क्र.6 में जिला पंचायत की 15वें वित्त की मद से बलौदा पाठ मंदिर में तकरीबन 3 लाख की लागत से निर्मित कांक्रीटीकरण एवं गेट निर्माण कार्य का विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर व फीता काटकर लोकार्पण किया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति एवं जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि हमारी भाजपा सरकार के रहते ग्राम देवरी सहित पूरे क्षेत्र के किसी भी गांव में जरूरी विकास कार्यों को करवाने में कभी भी कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कार्य करना हमारी भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता है। घम्मन ने कहा कि देवरी गांव के लोगों से मेरा आत्मीयता का रिश्ता है और यहां आकर मुझे हमेशा बहुत खुशी मिलती है। उन्होंने कहा कि पद आते जाते रहता है पर हमारी भाजपा सरकार के रहते यहां विकास में कभी भी कोई कमी नहीं आने देंगे। घम्मन ने कहा कि देवरी गांव में सरपंच सचिव सहित सभी पंचों ने एकजुट होकर गांव के हित में बहुत काम किया है। समारोह के विशिष्ट अतिथि पांडादाह मंडल भाजपा महामंत्री गोरेलाल वर्मा ने कहा कि देवरी में सरपंच केजराम साहू के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों ने गांव में खूब विकास कार्य करवाया है जिसे देखकर खुशी हुई।

समारोह में देवरी के सरपंच केजराम साहू ने कहा कि मैंने अपना जीवन देवरी गांव के हर क्षेत्र में बेहतर विकास के लिए समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण देवरी ग्रामवासियों के आशीर्वाद और मार्गदर्शन में मैं पूरे 5 वर्ष देवरी के हर क्षेत्र में बेहतर विकास के लिए काम किया और मेरा लक्ष्य है कि मैं अपने इस गांव की हमेशा अच्छी सेवा करूं ताकि मेरा गांव किसी क्षेत्र में आगे चलकर पीछे ना रहें और मेरे गांव की चर्चा हर जगह हो। कार्यक्रम का सफल संचालन समारोह के विशिष्ट अतिथि जिला पत्रकार संघ उपाध्यक्ष मो. याहिया नियाज़ी ने किया एवं आभार प्रदर्शन देवरी के उप सरपंच मानिक टंडन ने किया।

# शहीद वीरनारायण सिंह जयंती मनाई गई



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग में प्राचार्य डॉ.के.एल.दामले के मार्गदर्शन में वीरनारायण सिंह जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ.शैलेन्द्र सिंह ने वीरनारायण सिंह के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वीरनारायण छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के समय उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया था। 1857 की क्रांति के समय छत्तीसगढ़ में भी अंग्रेजों के बहुत सारे भक्त थे, जो अंग्रेजों के इशारों पर जनता पर अत्याचार करते थे साथ ही जमाखोरी और युनाफाखोरी के द्वारा जनता पर अत्याचार करते थे।

इसी 1857 में सैनिक विद्रोह के अलावा सोनाखान की भी घटना हुई थी। ब्रिटिश अधिकारियों की गलत नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ के शांतिमय क्षेत्र में भी आंदोलन हुये थे। कृषकों की दयनीय स्थिति अकाल की विकरालता और वीरनारायण सिंह की मानवता को डिप्टी कमिशनर ने व्यापारी की रिर्पोट के आधार पर नारायण सिंह को गिरफ्तार करवाया था। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो.हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर ने कहा कि वीरनारायण सिंह पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया गया और 10 दिसम्बर 1857 ई. को रायपुर के जयस्तम्भ चौक पर प्राणदण्ड दिया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. अजय शर्मा द्वारा किया गया।

# पहला कॉलम...

## मोहम्मद शमी पर भारी पड़े हार्दिक पांड्या

### बंगाल को हराकर बड़ौदा मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

नईदिल्ली। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का क्वार्टर फाइनल मैच बड़ौदा और बंगाल के बीच खेला गया. ये मैच टीम इंडिया के दो बड़े स्टार खिलाड़ियों के बीच भी एक जंग की तरह था. ये खिलाड़ी हैं हार्दिक पांड्या जो बड़ौदा की तरफ से खेल रहे थे और मोहम्मद शमी जो बंगाल की तरफ से खेल रहे थे. लेकिन हार्दिक पांड्या की बड़ौदा टीम बंगाल पर भारी पड़ी और जीत दर्ज करते हुए मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंच गई. हार्दिक पांड्या बल्लेबाजी में कुछ खास नहीं कर सके थे और वे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे और 11 गेंदों में सिर्फ 10 रन बना सके थे. लेकिन गेंदबाजी में उन्होंने कमाल किया और 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट लिए और टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई.

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ऑफिस में पुलिस का छापा, पूर्व रक्षा मंत्री ने की खुदकुशी की कोशिश

सियोल। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक योल के कार्यालय पर बुधवार को पुलिस ने देश में मार्शल लॉ लागू करने की जांच के तहत छापा मारा। वहीं, दूसरी ओर दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री किम ने हिरासत केंद्र में आत्महत्या का प्रयास करने के लिए अंडरवियर का इस्तेमाल किया । इसकी जानकारी अधिकारी के हवाले से सामने आई है। कोरियन टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, सियोल मेट्रोपॉलिटन पुलिस और नेशनल असेंबली पुलिस गार्ड्स के कार्यालयों पर भी छापे मारे गए है। जानकारी के मुताबिक, दक्षिण कोरियाई पुलिस ने उनके दफ्तर पर छापेमारी की है। इससे पहले, 9 दिसंबर को दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल के देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

देश के न्याय मंत्रालय के मुताबिक, राष्ट्रपति यून को मार्शल लॉ घोषित करने के लिए उनके खिलाफ शुरू की गई जांच के कारण किसी भी विदेश यात्रा या देश छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने मार्शल लॉ लगाकर एक हफ्ते से भी कम वक्त में देश को अराजकता में डाल दिया था। यून को सत्ता से हटाने के लिए विपक्ष उनके खिलाफ एक बार फिर संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है।

## सतरंज के सबसे लोकप्रिय खिलाड़ी आनंद हुए 55 के

नई दिल्ली। हमारी सीरीज 'इस तिथि को जन्में' चैंपियन के तहत मुझे एक ऐसे खिलाड़ी के बारे में बताने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है, जिन्हें शतरंज के सबसे लोकप्रिय खिलाड़ी होने का दर्जा प्राप्त है। यह कोई और नहीं पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद हैं। आनंद का जन्म 11 दिसंबर, 1969 को सुशीला विश्वनाथन और कृष्णामूर्ति विश्वनाथन के यहां तमिलनाडु के माइलादुथुराई में हुआ था। आनंद ने शतरंज अपनी मां से सीखा, लेकिन छोटी उम्र में ही उन्होंने इस खेल की जटिल बारीकियां खुद सीखना शुरू कर दीं। वह मद्रास (अब चेन्नई) के ताल चेस क्लब में रोजाना जाया करते थे, इससे उनमें तेजी से सुधार आया। फरवरी, 1984 में महज 14 वर्ष की उम्र में वह राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहे, जिससे उन्होंने भारतीय टीम में जगह बनाई। तीन माह बाद ही अप्रैल, 1984 में आनंद ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाप छोड़ते हुए विश्व सबजूनियर चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल किया।

## विराट-अनुष्का की शादी की 7वीं सालगिरह, फैंस बोले...

मुंबई । भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा आज अपनी शादी की सातवीं सालगिरह मना रहे हैं। इन दोनों ने 11 दिसंबर, 2017 को इटली के टस्कनी में एक निजी समारोह में शादी की थी। इस मौके पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और उनके फैंस ने शुभकामनाएं दीं हैं। यह जोड़ी पिछले कुछ वर्षों में भारत की सबसे प्रसिद्ध स्टार जोड़ियों में से एक रही है। अनुष्का भारत के मैचों के दौरान स्टेडियम में भी नजर आती हैं। हाल ही में वह पर्थ में कोहली के शतक के दौरान भी मौजूद रही थीं। इस दौरान कोहली ने अनुष्का का फ्लाइंग किस दी थी।कोहली की आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल छू लेने वाला पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा, 'विरुष्का कपल गोल्स को पूरी तरह निभा रहे हैं।

# एमपी ने सौराष्ट्र को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

नई दिल्ली। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मैच में मध्य प्रदेश का सामना सौराष्ट्र से हुआ, जिसमें एमपी की टीम ने 6 विकेट से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में अपनी जगत बना ली है। इस मैच में एमपी की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था।

पहले बैटिंग करते हुए सौराष्ट्र की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 173 रन बनाए। इसके जवाब में एमपी की टीम ने 4 गेंद बाकी रहते हुए लक्ष्य हासिल किया। इस तरह मैच में मिली जीत के साथ ही एमपी की टीम ने सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। इस मैच में एमपी टीम की जीत में वेंकटेश अय्यर का ऑलराउंड प्रदर्शन काफी सुर्खियों में रहा। दरअसल, सौराष्ट्र के खिलाफ मध्य प्रदेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए सौराष्ट्र की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 173 रन बनाए। टीम की शुरुआत खराब रही। हरविक देसाई 14 गेंद पर 17 रन बनाकर आउट हुए। तारंग गोल्डन डक पर



**टीम की जीत में वेंकटेश अय्यर ने बंटोरी सुर्खियां**

आउट हुए। टीम की तरफ से चमके तो सिर्फ चिराग जानी, जिन्होंने 45 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 80 रन की पारी खेली। उनकीपारी में 8 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। वहीं, मध्य प्रदेश की तरफ से वेंकटेश अय्यर और आवेश खान ने कमाल की गेंदबाजी की। दोनों ने 2-2 विकेट लिए, जबकि शिवम और त्रिपुरेश ने 1-1 विकेट हासिल किया।

इसके जवाब में मध्य प्रदेश की टीम ने 19.2 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। टीम की तरफ से अर्पित ने 29 गेंदों पर 42 रन बनाए। वेंकटेश अय्यर ने 33 गेंदों पर नाबाद 38 रन बनाए। उनकी पारी में 2 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। अय्यर के अलावा हरप्रीत सिंह भाटिया ने सिर्फ 9 गेंदों में 22 रन बनाकर मध्य प्रदेश को जीत दिलाने मे अहम भूमिका रोल निभाया। इस मैच में मिली जीत के साथ मध्य प्रदेश की टीम ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में एंट्री की। अब 13 दिसंबर को बेंगलुरु में मध्य प्रदेश की टीम सेमीफाइनल खेलेगी।

बता दें कि वेंकटेश अय्यर को आईपीएल 2025 ऑक्शन में केकेआर ने 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा। वेंकटेश साल 2021 से आईपीएल खेल रहे हैं। अभी तक उन्होंने आईपीएल में 50 मैच खेलते हुए1326 रन बनाए हैं। आईपीएल में उन?होंने 11 अर्धशतक और 1 शतक लगाया है। आईपीएल में उनका सर्वाधिक स्कोर 104 रन है। लीग में उन्होंने 3 विकेट भी झटके हैं।

# पीएम मोदी ने भारतीय दल के ऐतिहासिक प्रदर्शन की सराहना की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुआलालंपुर में 10वें एशिया प्रशांत बधिर खेलों में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए मंगलवार को भारतीय दल को बधाई दी और कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने देश का मान बहुत बढ़ाया है। भारतीय दल ने 10वें एशिया प्रशांत बधिर खेलों में 55 पदक जीते। यह 2015 (पांच पदक) में उसकी पिछली भागीदारी से 11 गुना अधिक है।



मोदी ने ट्विटर पर लिखा, 'कुआलालंपुर में आयोजित 10वें एशिया प्रशांत बधिर खेल 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए हमारे भारतीय दल को बधाई। हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने असाधारण 55 पदक जीतकर हमारे देश को बहुत गौरवान्वित किया है। यह इन खेलों में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।' उन्होंने कहा, 'इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने पूरे देश को विशेषकर खेलों के प्रति जुनून रखने वाले लोगों को प्रेरित किया है।' भारत के 68 सदस्यीय दल ने आठ स्वर्ण, 18 रजत और 29 कांस्य पदक जीतकर 21 देशों के बीच पांचवां स्थान हासिल किया। यह 1984 में शुरू हुए इन खेलों में देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। एशिया प्रशांत बधिर खेलों का आयोजन हर चार साल में होता है।

# भारतीय तट रक्षकों ने 78 बांग्लादेशी मछुआरों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से बांग्लादेश के साथ भारत के रिश्ते में तनाव देखने को मिला है. बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है. उनके घरों, दुकानों और मंदिरों में लगातार तोड़फोड़ की जा रही है. ऐसे में बांग्लादेश में हालात बद से बदत्तर हो गए हैं. देश में लगातार भारत विरोधी गतिविधियां हो रही हैं.



इसी कड़ी में अब भारतीय समुद्री क्षेत्र में भारतीय तट रक्षकों के गैर-कानूनी तरीके से मछुआरों का आना और पकड़े जाना, इस तनाव को और बढ़ा सकती है. क्योंकि बांग्लादेश फिलहाल इस गिरफ्तारी को बड़े विवाद के तौर पर हवा दे सकता है, हालांकि ये पहली बार नहीं है जब भारतीय समुद्री सीमा में पहले कोई गैर-कानूनी तरीके से मछली पकड़ते हुए पकड़ा गया.

भारतीय तट रक्षक बल समुद्र में होने वाली हर एक गतिविधि पर विशेष ध्यान देती है. कोई भी नाव और ट्रालर यदि संदिग्ध दिखे तो उसकी तुरंत जांच की जाती है. इसी का परिणाम है कि भारतीय तट रक्षकों ने 78 बांग्लादेशी मछुआरों को भारतीय समुद्री सीमा में गिरफ्तार किया है.

बांग्लादेश की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत की सभी सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से अलर्ट पर हैं. बंगाल की खाड़ी में तट के पास तट रक्षक तो गहरे समुद्र में नौसेना पूरी तरह से सतर्क है. इसी सतर्कता के कारण तट रक्षकों ने 9 दिसंबर (सोमवार) को एक साथ दो मछली पकड़ने वाले बड़े ट्रालर को पकड़ा, जिसमें कुल 78 मछुआरे सवार थे. ये सफलता तब मिली जब भारतीय कोस्ट गार्ड का एक जहाज इंटरनेशनल मेरिटाइम बाउंड्री लाइन पर गश्ती कर रही थी.

# खेलों में राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग कराएगा खेल मंत्रालय

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया लीग और प्रो कबड्डी लीग की तर्ज पर खेल मंत्रालय अन्य खेलों में लीग का आयोजन कराएगा। मंत्रालय तकरीबन 12 खेलों में राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग का आयोजन कराने जा रहा है। ये लीग फ्रेंचाइजी मॉडल पर आधारित होंगी और निजी औद्योगिक कंपनियां अन्य लीगों की तरह इनमें अपनी टीमें उतारेंगी। हालांकि राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग में विदेशी खिलाड़ी नहीं खेलेंगे।

इनमें सिर्फ देश के खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति होगी। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय स्पोर्ट्स लीग को साई और राष्ट्रीय खेल संघों के साथ मिलकर आयोजित किया जाएगा। कबड्डी, हॉकी, टेबल टेनिस जैसे खेलों में जहां लीग पहले से ही चल रही हैं, वहां कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी, लेकिन जिन खेलों में लीग नहीं हो रही है या आर्थिक कारणों से बंद हो चुकी है, उन खेलों में लीग आयोजित की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक अभी खेलों का चयन नहीं किया गया है, लेकिन खेल संघों से बातचीत के बाद इनका चयन किया जाएगा। मंत्रालय का मानना है कि 12 खेलों में लीग हो सकती है। लीग कराने का उद्देश्य 2036 के ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। एक खेल संघ में एक ही लीग का आयोजन किया जाएगा। ऐसा नहीं होगा कि खेल संघ अपनी लीग कराए और मंत्रालय अलग से लीग कराए।

इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि हालांकि समय-सीमा अभी तय नहीं की गई है लेकिन योजना प्रक्रिया और खेलों की पहचान का काम अग्रिम चरण में है तथा समय आने पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। मंत्रालय का मानना है कि यह 2036 में ओलंपिक की मेजबानी की महत्वाकांक्षा रखने वाले देश के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम होगा। सूत्र ने कहा, 'एनएसएल की शुरुआत के बाद प्रत्येक खेल में केवल एक लीग होगी। ऐसा नहीं होगा कि एनएसएफ. एक लीग का आयोजन करे और मंत्रालय दूसरी लीग का।' सूत्र ने उन खेलों का खुलासा करने से इनकार कर दिया जिनमें मंत्रालय लीग शुरू करने का इरादा रखता है। उन्होंने कहा कि यह जल्द ही किया जाएगा। सूत्र ने यह भी कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भेजा गया च्आशय पत्रज् किसी विशेष शहर के लिए नहीं था। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि अगर भारत को खेलों की मेजबानी दी जाती है तो अहमदाबाद खेलों के महाकुंभ की मेजबानी करेगा। सूत्र ने कहा, %देखिए, यह कहना बहुत जल्दबाजी होगी। भारत ने आईओसी को केवल आशय पत्र भेजा है। इसमें मेजबान शहर का उल्लेख नहीं है। मेजबान शहर पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है।% उन्होंने कहा कि अगले साल के चुनाव में आईओसी प्रमुख के पद की दौड़ में आगे चल रहे विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने हाल ही में नयी दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ उपयोगी चर्चा की।



**फ्रेंचाइजी पर आधारित होंगी टीमें**

# एडीबी ने वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.5 प्रतिशत किया

नई दिल्ली । एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को निजी निवेश और आवास मांग में उम्मीद से कम वृद्धि के कारण चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया। बहुपक्षीय विकास बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भारत के विकास पूर्वानुमान को भी कम कर दिया है। एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) के नवीनतम संस्करण के अनुसार, अमेरिकी व्यापार, राजकोषीय और आव्रजन नीतियों में परिवर्तन से विकासशील एशिया और प्रशांत क्षेत्र में विकास प्रभावित हो सकता है और महंगाई बढ़ सकती है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एशिया और प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के 2024 में 4.9 प्रतिशत की दर बढ़ने का अनुमान है, यह आंकड़ा एडीबी के सितंबर के 5 प्रतिशत के पूर्वानुमान से थोड़ा कम है। एडीबी ने कहा, 'निजी निवेश और आवास मांग में अपेक्षा से कम वृद्धि के कारण भारत का विकास परिदृश्य इस वर्ष के लिए 7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत और अगले वर्ष के लिए 7.2 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया गया है।' पिछले सप्ताह, भारतीय रिजर्व बैंक ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए विकास दर अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया और आर्थिक गतिविधियों में मंदी व खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी को देखते हुए मुद्रास्फीति का अनुमान भी बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया है। भारत की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर अवधि में 7 तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई, जबकि आरबीआई ने स्वयं 7 प्रतिशत विकास दर का अनुमान लगाया था।

# आईसीसी रैंकिंग में जो रूट पहले नंबर से हटें

नई दिल्ली। आईसीसी की नई टेस्ट रैंकिंग में इस बार भयंकर उलटफेर हो गया है। अभी तक यहां पर बल्लेबाजों की रैंकिंग में जो रूट का पहले नंबर पर कब्जा था, लेकिन अब लंबे समय बाद उन्हें यहां से हटना पड़ा है। यानी उनकी नंबर वन की कुर्सी छिन गई है। वहीं ट्रेविस हेड, कामेंदु मेंडिस, टेम्बा बावुमा को इस बार जबरदस्त फायदा मिलता हुआ दिख रहा है। इस बार टॉप 10 की लिस्ट में कई सारे बड़े बदलाव साफ तौर पर दिखाई रहे हैं।

आईसीसी की ओर से जारी की गई नई टेस्ट रैंकिंग में अब इंग्लैंड के हैरी ब्रूक नंबर एक बल्लेबाज बन गए हैं। उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। इससे पहले वे दूसरे स्थान पर थे। अब उनकी रेटिंग बढ़कर 898 की हो गई है। जो रूट को एक स्थान का नुकसान हुआ है, वे अब दूसरे नंबर पर चले गए हैं। हालांकि उनकी रेटिंग हैरी ब्रूक से केवल एक ही कम है।

**कैबिनेट ने लिए कई बड़े निर्णय ..**

इससे नवीन तकनीक के उपयोग के साथ ही दुग्ध महासंघ के प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि होगी। अनुसूचित क्षेत्रों में दुधारू पशु उत्प्रेरण से स्वरोजगार में वृद्धि के साथ ही दुग्ध उत्पादन की लागत कम होगी तथा दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि के साथ ही प्रदेश के दुग्ध उत्पादक कृषकों के दुग्ध विक्रय के लिए सुदृढ़ व्यवस्था स्थापित हो सकेगी। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 में संशोधन बाबत् छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

राजधानी रायपुर में 15 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक आयोजित ऑटो एक्सपो के दौरान वाहनों के लाईफ टाईम रोड टैक्स पर एकमुश्त 50 प्रतिशत की छूट दिए जाने का निर्णय लिया गया तथा प्रदेश के सभी डीलरों को इस सुविधा का लाभ वाहन क्रेताओं को दिलाने के निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ में खेलों के लिए सुदृढ़ वातावरण तैयार करने, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा राज्य के खिलाड़ियों के लिए सुदूर ग्रामीण अंचलों से लेकर जिला मुख्यालय में खेल हेतु आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। इसके तहत छत्तीसगढ़ में खेल क्लब को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संबंधित पंजीकृत समितियों को खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने पर आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित किया जाएगा। ओलम्पिक खेलों को ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में बढ़ावा देने के साथ ही राज्य के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने पर उनको शत-प्रतिशत यात्रा व्यय तथा खेल उपकरण की सुविधा देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित अतिशेष (सरप्लस) धान के निराकरण के संबंध में गहन विचार-विमर्श किया गया। कैबिनेट ने खरीफ सीजन में उपार्जित शतप्रतिशत धान की कस्टम मिलिंग उसी खरीफ सीजन में पूरा कर जमा कराने तथा इस साल के अतिशेष धान का चावल केन्द्रीय पूल के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम में सितम्बर 2025 तक

## प्रथम पेज का शेष

उपार्जित किए जाने के लिए लक्ष्य वृद्धि हेतु प्रस्ताव धान खरीदी समाप्त होते ही भारत सरकार को पुनः भेजे जाने के संबंध में चर्चा की गई तथा अतिशेष धान का निराकरण नीलामी से करने की अनुमति दी गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कस्टम मिलिंग हेतु फोर्टिफाईड राईस कर्नेल की व्यवस्था के संबंध में फोर्टिफाईड चावल जमा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए छत्तीसग? राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा हृद्गस्न्र के माध्यम से दर का निर्धारण पश्चात् आपूर्ति प्रारंभ होने तक गत् खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अनुसार मिलरों द्वारा एफआरके निर्माताओं से भारत सरकार द्वारा निर्धारित दर के अधीन फोर्टिफाईड राईस कर्नेल (एफआरके) क्रय कर फोर्टिफाईड चावल जमा किये जाने की अनुमति दी गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन राशि 80 रूपए करने का निर्णय लिया। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में राईस मिलों को लंबित प्रोत्साहन राशि की प्रथम किश्त प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) की धाराओं में संशोधन संबंधी छत्तीसगढ़ पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 (संशोधन) विधेयक 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ नगर पालिक अधिनियम 1961 (संशोधन) विधेयक 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

***इस सम्मान के लिए शुक्रिया...***

ममता के इस बयान के बाद से ही इंडिया में लीडरशिप को लेकर बहस छिड़ी है.

**0 अखिलेश प्रसाद सिंह बोले- ममता से करेंगे बात-** आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के इस बयान के बाद बिहार में कांग्रेस नेता और प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा, ममता बनर्जी की पार्टी बंगाल तक ही सीमित है. नेशनल लेवल पर ममता बनर्जी की पार्टी और उनका व्यक्तित्व उतना बड़ा नहीं है. हम कोलकाता जाकर ममता बनर्जी से इस पर बात करेंगे. 0 बीजेपी नेता बोले- चेहरा बदलने से नहीं पड़ेगा फर्क- ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व देने को लेकर बिहार के डिप्टी सीएम और बीजेपी नेता विजय सिन्हा ने कहा, भ्रष्टाचारियों की जमात का चेहरा बदल लें तो भी कोई अंतर नहीं पड़ता. देश को खोखला और बर्बाद करने वाला यह परिवारवादी, वंशवादी, भ्रष्टाचारी गठबंधन राष्ट्र का हित नहीं कर सकता. वहीं, दिलीप जायसवाल ने कहा, इन लोगों में बहुत दिन से खिचड़ी पक रही थी. राहुल गांधी के नेतृत्व को इन लोगों ने नकार दिया है. इन्हें लग रहा है कि राहुल गांधी के साथ नाव पर बैठने से, डूबने से, अच्छा है कोई एक नया दल बनाओ, नया गुट बनाओ.

0 कब बना था इंडिया गठबंधन?- लोकसभा चुनाव 2024 से पहले विपक्षी दल पीएम मोदी को हराने के लिए एकजुट हुए थे. उनके गठबंधन को इंडिया नाम दिया गया था. कांग्रेस इसकी मुख्य पार्टी है. इसके साथ ही टीएमसी, एनसीपी (शरदचंद्र पवार), डीएमके, एसपी, शिवसेना (बीटी), आरजेडी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट जेकेएनसी (माले), जेएमएम आम आदमी पार्टी, जेकेएनसी, आईयूएमएल, केरल कांग्रेस, वीकेसी, आरएसपी, आरएलपी भारत आदिवासी पार्टी और एमडीएमके इसमें शामिल हैं.

**0 नीतीश कुमार ने मारी थी पलटी, ममता का एकला चलो रे-** पहले नीतीश कुमार और उनकी आरडीयू भी इंडिया अलायंस का हिस्सा थे. लेकिन, चुनाव से पहले ही नीतीश ने पलटी मारी और एनडीए के पाले में चले गए. इसके बाद ममता बनर्जी भी बंगाल में सीट शेयरिंग पर राजी नहीं हुई. जिसके बाद टीएमसी ने अकेले लोकसभा का चुनाव लड़ा था.

**0 लोकसभा चुनाव में इंडिया ने जीती कितनी सीटें?-** लोकसभा चुनाव में इंडिया ने कुल मिलाकर 234 सीटें जीतीं. कांग्रेस के हाथ में 99 सीटें आईं. 135 सीटें सहयोगी दलों ने जीती थीं. कांग्रेस के बाद सपा को 37 सीटें मिलीं. ममता बनर्जी की टीएमसी ने 29 सीटें जीती थीं.

***महादेव सट्टा एप : शेयर ब्रोकर ...***

के गहने जब्त हुए थे। गोविंद केडिया का नाम टेकप्रो आईटी सॉल्यूशंस लिमिटेड के शेयर होल्डर नितिन टिबरेवाल से जुड़ा हुआ है। नितिन टिबरेवाल पर महादेव आनलाइन बुक सिंडिकेट के लिए कंपनी का इस्तेमाल करने का आरोप है। ईडी का दावा है कि टिबरेवाल ने अवैध सट्टेबाजी संचालन से होने वाली आय को विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के माध्यम से शेयर बाजार में लगाया। इसके जरिये शेयर ट्रेडिंग के माध्यम से करोड़ों के काले धन को सफेद किया गया। इस पूरे खेल में गोविंद केडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**0 साझेदारी की फर्म-** जांच के दौरान ईडी विकास की कंपनियों की 236.30 करोड़ रुपये नकदी डेरिवेटिव और सुरक्षा होल्डिंग्स को फ्रीज कर चुकी है। वहीं गोविंद केडिया की सेल कंपनी मेसर्स लैक्सिस रेजीडेंसी एलएलपी विकास छपरिया की पार्टनरशिप फर्म और एक अन्य महादेव सट्टा एप के आरोपित नितिन टिबरेवाल से जुड़ी थी। 0 केडिया ने सट्टा एप से जुड़े लोगों के लिए शेयर खरीदे- कोलकाता में रहने वाले शेयर ब्रोकर गौरव महादेव सट्टा एप के प्रमोटरों के लिए काम करता था। वो एक ही बार में करोड़ों के शेयर खरीदता था। इस मामले में जेल में बंद आरोपित नितिन टिबरेवाल के लिए उसने सबसे ज्यादा खरीदी की। नितिन एप प्रमुख सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के करीबियों में से एक है। नितिन उनके पैसों को ऑनलाइन ठिकाने लगाता था। गौरव इन सभी के लिए शेयर खरीदता-बेचता था। सट्टे से जो फायदा होता, उसे शेयर बाजार में लगाकर वाइट किया जाता। इसके बदले उसे मोटा हिस्सा भी मिलता था। गौरव ने सट्टा एप मामले में ही आरोपित हरिशंकर टिबरेवाल से संबंधित मारीशस स्थित कंपनी मेसर्स टानो इन्वेस्टमेंट अपार्चुनिटीज में एफपीआई और एफडीआई में सबसे ज्यादा निवेश किया। हरिशंकर फरार है। उसकी तलाश में एजेंसी की टीमें लगी हुई हैं।

**कैबिनेट के फैसले पर राइस..**

मिलर्स को मिल संबंधी खर्चों के लिए भुगतान करने की और अपना काम करने पैसों की जरूरतें थी। इसके लिए पिछले दिनों पूरे प्रदेश के मिलरों ने अपनी कुछ जायज़ मांगों के पूरा होने तक कस्टम मिलिंग कार्य से दूरी बना ली थी। अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने आगे कहा कि, सरकार ने मिलर्स से चर्चा कर बड़ा आश्वासन दिया। लेकिन अब पूरे प्रदेश के मिलर्स सरकार के वर्तमान निर्णय के खिलाफ हैं कि, मिलर्स का वर्ष 2022-23 के बजाय वर्ष 2023-24 का भुगतान किया जाए।

**0 पुराना बिल भुगतान करने की मांग**

उन्होंने आगे कहा कि, वर्ष 2023-24 के ज्यादातर मिलर्स का काम ही पूरा नहीं हुआ तो उन्हें कैसे भुगतान मिलेगा। साथ ही जिनका काम पूरा हो चुका है वह भी बिल नहीं बना पा रहा है। उनके बिलों में अनेक तरह की पेनाल्टी लगाकर बिलों को रोक दिया गया है। मिलरों की मांग है कि, हमारा पहले पुराने वर्षों का भुगतान मिलना चाहिए। यह व्यवहारिक विषय है कि, कोई भी भुगतान पहले पिछला होता है। सरकार के आज के निर्णय के बाद कस्टम मिलिंग कार्य फिर से प्रभावित होने की आशंकाओं जतायी जा रही है। क्योंकि, मिलर पैसे के अभाव में ना बैंक गारंटी बना सकता और ना ही कस्टम मिलिंग कार्य कर सकता है। बहुत ही विचित्र स्थिति है कि, पिछले कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन कम होने की सहमति इसलिए बनी थी कि मिलर्स को पुराना भुगतान तो मिलेगा।

***महाराष्ट्र में अब पोर्टफोलियो...***

इस बार फिर से इस मंत्रालय के लिए अड़े हैं। भाजपा के लिए समस्या यह है कि वित्त मंत्रालय के लिए शिवसेना ने भी दावेदारी ठोक दी है। मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा को 22, शिवेसना को 12 और एनसीपी को 9 मंत्रालय दिए जा सकते हैं। संभावना जताई जा रही है कि महाराष्ट्र में कैबिनेट विस्तार 14 दिसंबर को हो सकता है।

0 दिल्ली पहुंचेंगे फडणवीस और पवार- मंत्रालयों पर मंत्रणा के लिए देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार बुधवार को दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। हालांकि कहा जा रहा है कि इस मीटिंग में एकनाथ शिंदे मौजूद नहीं रहेंगे। आपको बता दें कि 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा के 132 विधायक जीते हैं। वहीं शिवसेना ने 57 और एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत दर्ज की है। भाजपा ने 149 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, जबकि शिवसेना ने 81 और एनसीपी ने 59 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

***पीएम नरेंद्र मोदी से मिला कपूर परिवार ...***

पीएम से एक गिफ्ट रिसीव करती हैं. करीना ने पीएम मोदी के इस खास पल को कैमरे में कैद कर अपने फैंस को दिखाया है. करीना कपूर के अलावा, करिश्मा कपूर, नीतू कपूर और उनकी बेटी रिद्धिमा ने भी पीएम मोदी के साथ अनदेखी तस्वीरें पोस्ट की हैं. साथ ही लंबे नोट के साथ पीएम मोदी का आभार जताया है.

# सावधान! कहीं नेगेटिव विचार खराब न कर दें आपकी मेंटल हेल्थ



मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक, जीवन में व्यक्ति सच्चाई को स्वीकार नहीं कर पाता है, जिससे नकारात्मकता की ओर ब ?ने लगता है. इसकी वजह से व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का शिकार हो जाता है. आइए जानते हैं नेगेटिव विचारों से छुटकारा पाने का तरीका.

आसपास का माहौल, लोगों का व्यवहार और जीवन में पलपल बदलने वाली स्थितियां नकारात्मक विचारों का कारण बनने लगती हैं. लेकिन ये नेगेटिव विचार इंसान की मेंटल हेल्थ को बुरी तरह प्रभावित करते हैं. इससे लाइफ के गोल्स को पाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है और व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का शिकार हो जाता है. नेशनल हेल्थ सर्वे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में हर 20 में से एक व्यक्ति मानसिक समस्या का शिकार है. 15 साल की आयु से लेकर 49 की उम्र के अधिकतर लोग इस समस्या से ग्रस्त हैं. मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक, जीवन में व्यक्ति सच्चाई को स्वीकार नहीं कर पाता है, जिससे नकारात्मकता की ओर बढ़ने लगता है. नेगेटिव विचारधारा वाला व्यक्ति छोटी-छोटी बातों पर रिएक्ट करने लगता है, अकेले रहने लगता है, दूसरों से अपनी तुलना करता है और खुद की केयर करना भी छोड़ देता है.

नेगेटिव विचारों से ऐसे पाएं छुटकारा

बचपन या किशोरावस्था (18 वर्ष तक) और वयस्कता (19 से 43 वर्ष) के दौरान पारिवारिक नुकसान का पता लगाया गया, जिसमें रक्त डीएनए मिथाइलेशन और एपिजेनेटिक घड़ियों का उपयोग करके जैविक उम्र बढ़ने का आकलन किया गया

1. संतुष्ट रहना सीखें- हर व्यक्ति का जीवन एक दूसरे से अलग है. जाहिर है उसकी खुशियां और गम भी दूसरे व्यक्ति से अलग ही होगें. ऐसे में व्यक्ति का तुलनात्मक व्यवहार उसकी लाइफ में नकारात्मकता का कारण बनने लगता है. अपने आपको खुश रखने के लिए, जो है और जितना है उसमें संतुष्ट रहने का प्रयास करें. इसके अलावा खुद को व्यस्त रखने की भी कोशिश करें.

2. परफेक्शन के पीछे भागना बंद करें- कई बार किसी काम को परफेक्ट बनाने में व्यक्ति का आवश्यकता से अधिक समय खराब होने लगता है. इससे मन में जहां एक तरफ गिल्ट तो दूसरी तरफ नेगेटीविटी ब ?ने लगती है. इसलिए हर परिस्थिति में खुद को खुश रखने का प्रयास करना चाहिए.


3. दूसरों की सोच को खुद पर हावी ना होने दें- परिवार, रिश्तेदार या दोस्तों के अनुसार लाइफ जीना छो ?कर अपने जीवन की जिम्मेदारी खुद लें. अन्य लोगों की विचारधाराएं और दृष्टिकोण को खुद पर हावी न होने दें. उनकी पसंद और नापसंद को इग्नोर करके अपने अनुसार जीवन जिएं और उनकी कही बातों के मुताबिक निर्णय लेने से बचें. दूसरों की बातों को नजरअंदाज करके जीवन में आगे ब ?ने से नकारात्मकता से बचा जा सकता है.

4. खुद की तुलना दूसरों से ना करें- आपके पास जो भी है, उसके लिए शुक्रगुजार रहें. अपनी तुलना दूसरों से करने में इंसान का मन नेगेटिव विचारों से भर जाता है. इसलिए अपनी जरूरतों पर फोकस करें ना कि दूसरों की नकल करें.

5. सेल्फ लव करना सीखें- अपना ध्यान खुद रखें. रोजाना एक्सरसाइज करें, समय पर सोएं, हेल्दी खाना खाएं, करीबियों के साथ वक्त बिताएं. ये सब करने से आपके जीवन में सकारात्मकता आएगी.

6. नेगेटिव लोगों से दूर रहें- जब हम नेगेटिव लोगों के करीब होते हैं तो ना चाहते हुए भी हमारे अंदर नकारात्मक विचार घर करने लगते हैं. इसलिए ऐसे लोगों के साथ रहें, जो आपको जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं.

7. अपनी क्षमता के मुताबिक लक्ष्य तय करें- कई बार अपनी क्षमताओं से ज्यादा गोल्स सेट कर लेने से व्यक्ति उन्हें पूरा नहीं कर पाता है. ऐसे में नकारात्मकता की तरफ ब ?ने लगता है. दूसरों को देखकर भविष्य के फैसले लेने से बचें. अपनी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उसके अनुसार किसी भी लक्ष्य का निर्धारण करें.



# रोजाना करें इन तरह के लड्डूओं का सेवन, सर्दी से मिलेगी राहत



सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है, ऐसे में लोगों को अपनी सेहत का खास रूप से ध्यान रखना पड़ता है। यदि सर्दियों की शुरुआत में शरीर का ध्यान न रखा जाए तो जनवरी के महीने में काफी परेशानी होती है। यही वजह है कि अभी से लोग शरीर को गर्म रखने के लिए तिल, गुड़, सोंठ, और घी जैसे तत्वों सेवन करना शुरू कर देते हैं। ये प्राकृतिक तत्त्व शरीर के अंदर गर्मी पैदा करते हैं और शरीर को सर्दी से बचाते हैं।

सर्दियों में पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है, ऐसे में इन चीजों के लड्डू बनाकर उनका सेवन भी कर सकते हैं। ये आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाने का काम करते हैं। इनके सेवन से सर्दी, जुकाम और फ्लू जैसी बीमारियों से बचाव होता है। तो चलिए आपको खास तरह के लड्डूओं के बारे में बताते हैं, जिनको बनाकर आप सर्दी के मौसम में भी अपनी सेहत को दुरुस्त रख सकते हैं। तिल में कैल्शियम और आयरन होता है, जो हड्डियों को मजबूत करता है। गुड़ शरीर को गर्मी पहुंचाने का काम करता है। ऐसे में घर पर तिल-गुड़ के लड्डू बनाकर इसका सेवन कर सकते हैं। ये आपको सर्दी से बचाएगा। इसमें चीनी नहीं होती है, इसलिए इसका सेवन हेल्थ के लिए नुकसानदायक नहीं है।

यदि आपको सर्दी-खांसी रहती है तो ये लड्डू आपके बड़े काम आएंगे। इसका सेवन सर्दी और खांसी में राहत देता है और शरीर में गर्मी बनाए रखता है। .ये खासतौर पर गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए फायदेमंद होता है।

सर्दियां आते ही बाजारों में मूंगफली मिलने लगती हैं। मूंगफली में प्रोटीन और गुड़ में आयरन होता है। यह मांसपेशियों को मजबूत करता है। ऐसे में आप बड़ी ही आसानी से इसके लड्डू बनाकर उसका सेवन कर सकते हैं।

सर्दियों के मौसम में डॉक्टर्स भी बादाम खाने की सलाह देते हैं। ऐसे में आप बादाम के साथ अखरोट को मिक्स करके लड्डू तैयार कर सकते हैं। ये न सिर्फ आपको सर्दी से बचाते हैं, बल्कि ये मस्तिष्क और हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं।

खजूर में प्राकृतिक शुगर और ड्राई फूट्स में विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं। जोकि सर्दी से बचाव करने के अलावा इंस्टेंट एनर्जी के लिए काफी सही विकल्प है। ऐसे में आप इसे तैयार करके सर्दियों में इसका सेवन कर सकते हैं।

# सर्दी का मौसम बढ़ा सकती है दिक्कतें, कैसे करें बचाव



सर्दियों के इस मौसम को सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। कम तापमान में कई वायरस सक्रिय हो जाते हैं जिसके कारण इंफ्लूएंजा और अन्य संक्रमण का खतरा तो बढ़ ही जाता है साथ ही साथ ये मौसम उन लोगों के लिए भी समस्याकारक है जो हड्डियों और जोड़ों की दिक्कत से परेशान हैं। ठंड के महीनों के दौरान, गठिया से पीड़ित लोगों की दिक्कतें ट्रिगर हो सकती हैं, जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है और आप अधिक असहज महसूस कर सकते हैं। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ ऐसे लोगों को सर्दियों के मौसम में विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं।

ठंड के मौसम में साइनोवियल फ्लूड (दो हड्डियों के बीच में मौजूद एक पदार्थ) की मोटाई में बदलाव के कारण ये दिक्कतें होती हैं।

साइनोवियल फ्लूड जोड़ों को सुचारू रूप से काम करने में मदद करती है। इस द्रव के गाढ़ा होने से जोड़ सख्त हो जाते हैं, जिससे उनमें दर्द और जकड़न की समस्या बढ़ सकती है।

सर्दियों में गठिया की समस्या स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ठंड के दिनों में गठिया की समस्या के बढ़ने का एक कारण यह भी है कि इस मौसम में अक्सर लोगों की शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है। व्यायाम कम करने और शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहने के कारण मांसपेशियों में कमजोरी और जोड़ों में अकड़न पैदा हो सकती है।

सर्दियों में सूरज की रोशनी भी कम निकलती है जो विटामिन-डी का स्रोत है। विटामिन-डी की कमी हड्डियों के लिए बहुत नुकसानदायक है।इस तरह की स्थितियों में अपनी हड्डियों को स्वस्थ रखने और गठिया की दिक्कतों से बचे रहने के लिए आप पहले से ही कुछ प्रयास कर सकते हैं।

**ठंड से बचने का करें प्रयास**

सर्दी के मौसम में अपने शरीर को गर्म रखना जोड़ों की समस्याओं से बचे रहने के लिए सबसे जरूरी है। शरीर को गर्म रखने के लिए इलेक्ट्रिक कंबल, रूम हीटर या वार्मर का उपयोग करें। सर्दियों में ऊनी कपड़े और थर्मल पहनें, विशेषकर जोड़ों को ढककर रखें। इन उपायों की मदद से जोड़ों की अकड़न से बचा जा सकता है। जोड़ों की गर्म सेकाई करना भी अच्छा विकल्प है, इसकी मदद से भी आप लक्षणों को बिगड़ने से रोक सकते हैं।

**नियमित व्यायाम जरूरी**

नियमित व्यायाम की आदत संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है। इसकी मदद से जोड़ों की गतिशीलता को भी बनाए रखने में मदद मिलती है। अगर ठंड के कारण टहलना बहुत मुश्किल है, तो योग और स्ट्रेचिंग जैसे हल्के इनडोर व्यायाम करें। व्यायाम मांसपेशियों की ताकत और जोड़ों की गतिशीलता को बनाए रखने में मदद करते हैं। डॉक्टर कहते हैं, जो लोग नियमित व्यायाम करते हैं उनमें गठिया या इसके कारण होने वाली समस्याओं का जोखिम कम होता है।

पर्याप्त नींद और उपचार पर दें ध्यान

जोड़ों को स्वस्थ रखने और गठिया की समस्या को बढ़ने से रोकने के लिए शरीर को पर्याप्त आराम देना और हर रात 6 से 8 घंटे सोना भी बहुत आवश्यक है। अच्छी नींद समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह सूजन संबंधी प्रतिक्रियाओं को कम करने में भी मददगार है जिससे गठिया के लक्षणों को कम किया जा सकता है।

इन सभी उपायों के साथ डॉक्टर द्वारा दी गई दवाओं और बताए गए उपायों का भी पालन जरूर करें। गठिया की समस्या अगर बढ़ती दिखे तो तुरंत चिकित्सक का परामर्श लें।

# बच्चों को खिलाएं आंवले का अचार



आंवला एक बेहद पौष्टिक और औषधीय फल है, जिसे आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा पद्धति में विशेष स्थान दिया गया है। ये विटामिन ष्ट का एक समृद्ध स्रोत है और इसके सेवन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यही वजह है कि सर्दी के मौसम से आंवले के सेवन की सलाह दी जाती है।

आंवले का सेवन कई प्रकार से किया जाता है। बहुत से लोग इसका सेवन कैंडी और मुरब्बे के रूप में करते हैं लेकिन आप इसका अचार भी बना सकती हैं। आंवले का अचार एक लोकप्रिय भारतीय अचार है, जिसे विशेष रूप से सर्दी के मौसम में तैयार किया जाता है। इसे पराठे, रोटी या फिर दाल-चावल के साथ भी खया जा सकता है।

यदि आप आंवले का अचार बनाने का सोच रही हैं तो यहां हम आपको इसे बनाने की विधि बताने जा रहे हैं, ताकि इसके सेवन से आप अपनी सेहत को दुरुस्त रख सकते हैं।

आंवले का अचार बनाने का **सामान**

500 ग्राम आंवला
2-3 बड़े चम्मच नमक (स्वाद अनुसार)
1-2 बड़े चम्मच हल्दी पाउडर
2-3 बड़े चम्मच मिर्च पाउडर
1 चम्मच सौंफ
1 चम्मच जीरा
1 चम्मच अजवाइन
2-3 बड़े चम्मच सरसों का तेल
1 चम्मच हींग

**विधि**

आंवले का अचार बनाने के लिए सबसे पहले आंवले को पहले सही से धो लें। धोने के बाद इसे धूप में सुखा लें। सुखाने के बाद इसमें कांटे की मदद से छेद कर दें और पानी में उबालने रख दें।

यदि आप आंवले में छेद कर देंगे तो अचार में मसाले इसमें अच्छे से समा सकेंगें। जब आंवला उबल जाए, तो उसे ठंडा होने दें और फिर उसे छोटे टुकड़ों में काट लें।

**आंवले का अचार बनाने की विधि** - इसके बाद एक कढ़ाई में तेल गर्म करें, उसमें जीरा, सौंफ, अजवाइन, और हींग डालकर उसे तड़कने दें। अब हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर और मेथी दाना डालें और अच्छे से मिलाएं।

# क्या दिल के पास भी दिमाग होता है?

क्या आप दिल और दिमाग के बीच के कनेक्शन के बारे में जानते हैं? एक स्टडी के मुताबिक दिल के पास भी दिमाग होता है। आइए इस स्टडी के बारे में ज्यादा जानकारी हासिल करते हैं।

दिल और दिमाग में से किसकी बात सुननी चाहिए, अक्सर लोग इस कंफ्यूजन में फंस जाते हैं। दिल और दिमाग, दोनों ही हमारे शरीर के सबसे जरूरी हिस्सों में से एक हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दिल के पास भी दिमाग होता है। यही दिमाग हार्ट की फंक्शनिंग में काफी ज्यादा मददगार साबित हो सकता है। आइए जानते हैं कि आखिर आपका दिल काम कैसे करता है...

आपको बता दें कि दिल तभी काम कर पाता है, जब दिमाग दिल को सिग्नल्स भेजता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि अगर दिमाग दिल को सिग्नल भेजना बंद कर दे, तो आपका दिल काम करना बंद कर देगा जिसकी वजह से आपकी जान भी जा सकती है। हार्ट में मौजूद चार हजार न्यूरॉन्स, एक कॉम्प्लेक्स नेटवर्क बनाते हैं और इस नेटवर्क को मिनी ब्रेन के नाम से जाना जाता है।

मिनी ब्रेन को न्यूरोसिस्टम भी कहा जाता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ये न्यूरोसिस्टम काफी ज्यादा पावरफुल होता है। नेचर कम्यूनिकेशन्स में पब्लिश हुई एक स्टडी के मुताबिक जेब्राफिश पर किए गए परीक्षण में पाया गया है कि दिल में पाए जाने वाले न्यूरॉन्स, दिल के दिमाग की तरह काम करते हैं। आपको बता दें कि जेब्राफिश का दिल इंसान के दिल से काफी हद तक मिलता है।

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक हेल्दी लाइफ जीने के लिए अपनी हार्ट हेल्थ और ब्रेन हेल्थ को मजबूत बनाए रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको अपने लाइफस्टाइल को सुधारने की जरूरत है। खराब लाइफस्टाइल आपकी हार्ट और ब्रेन हेल्थ को बुरी तरह से डैमेज कर सकता है। इसलिए समय रहते सावधानी बरत लें और हेल्दी लाइफस्टाइल और बैलेंस्ड डाइट प्लान को फॉलो करके अपनी सेहत को दमदार बनाने की कोशिश में जुट जाएं।

# ईडी कर रही तलाश, दुबई में प्रदीप मिश्रा की कथा में पहुंचे महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर-रवि उप्पल

रायपुर। सोशल मीडिया में महादेव ऑनलाइन सट्टा एप के मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। दोनों ही दुबई में हैं। दरअसल, वहां पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा चल रही है। इस दौरान शूट किए गए वीडियो में दोनों अपने परिवार के साथ दिखे थे, जिसके बाद ये तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने लगे।

सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल दुबई में अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल होने पहुंचे थे। दुबई के ली मेरिडियन होटल एंड कॉन्फ्रेंस सेंटर एयरपोर्ट रोड गरहौद में यह कार्यक्रम नौ से 11 दिसंबर तक आयोजित किया गया था।

इधर, ईडी और पुलिस दोनों की आरोपितों की तलाश में लगी हैं। उधर, दोनों ही दुबई में खुलेआम घूम रहे हैं। कुछ महीने पहले सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी की खबर आई थी। मगर, दुबई से सामने आ रहे वीडियो में वह खुलेआम घूमते दिख रहा है।



### कभी जूस की दुकान चलाता था चंद्राकर

बताते चलें कि छत्तीसगढ़ के भिलाई का रहने वाला सौरभ चंद्राकर कभी जूस की दुकान चलाता था। फिर एक समय ऐसा आया, जब उसने छत्तीसगढ़ की सरकार को हिला देने वाला महादेव सट्टा एप चलाया, जिसके चलते उसने करोड़ों रुपए की काली कमाई की। वह आज एक बड़े अंतरराष्ट्रीय सट्टेबाजी सिंडिकेट का सरगना बन गया है। उस पर 5,000 करोड़ रुपए के सट्टेबाजी रैकेट चलाने का आरोप है। इंटरपोल की तरफ से उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया जा चुका है।

मामले की जांच के दौरान ईडी ने दावा किया था कि इस नेटवर्क में देशभर में फैले 4,000 से ज्यादा 'पैनल ऑपरेटर' थे। इस धंधे से दोनों आरोपी रोजाना कम से कम 200 करोड़ रुपए कमाते थे। बताते चलें कि सौरभ चंद्राकर इस सट्टे के खेल का मुख्य आरोपित है। सौरभ ने भिलाई में 'जूस फैक्ट्री' के नाम से जूस की दुकान खोली थी और उसी दौरान उसकी दोस्ती इंजीनियर रवि उप्पल से हुई। साल 2017 में रवि और सौरभ ने मिलकर ऑनलाइन सट्टेबाजी के माध्यम से पैसा कमाने के लिए वेबसाइट बनाई थी। इसके बाद सौरभ और रवि साल 2019 में दुबई चले गए।

दोनों ने मिलकर महादेव बुक ऑनलाइन के नाम से एक बेटिंग वेबसाइट और एप बनाया। इसके बाद इस एप को प्रमोट करना शुरू कर दिया। सौरभ ने इंटरनेट मीडिया मार्केटिंग और इन्फ्लुएंसर के माध्यम से एप को प्रमोट करवाया। इसके साथ ही सट्टा लगाने वाले दूसरे एप और वेबसाइट को भी खरीद लिया।

### टायर की दुकान चलाता था रवि उप्पल

कुछ ऐसी ही कहानी रवि उप्पल की भी है। वह भी कभी भिलाई के सुपेला दक्षिण गंगोत्री में टायर की दुकान चलाता था। नेहरू नगर में वह अपने पिता के खरीदे घर में रहता था। उसके पिता भिलाई इस्पात संयंत्र में बड़े पद से रिटायर हुए थे। आरोप है कि सौरभ चंद्राकर का दायां हाथ माने जाने वाले रवि उप्पल ने महादेव एप के जरिए 6000 करोड़ का हेरफेर किया है। बताते चलें कि अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी के इस खेल की जांच में छत्तीसगढ़ पुलिस और मुंबई पुलिस के अलावा मनी लॉन्ड्रिंग के मामले की जांच ईडी कर रही है।

# जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग का यूनिक फैसला : रेल्वे चोरी हुए सामान का मुआवजा भुगतान करें

राजनांदगांव (दावा)। परिवादी तोरण चंद्राकर एवं उनकी पत्नी श्रीमती शशि चंद्राकर के साथ नागपुर से राजनांदगांव के लिए अहमदाबाद हावड़ा ट्रेन में रिजर्वेशन कोच पर यात्रा दिनांक 12/10/2023 कर रहे थे। तभी उनकी हैंड से कीमती समान चोरी हो गई। ट्रेन में ही इसकी शिकायत की गई और राजनांदगांव में स्टेशन पर जीआरपी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। जीआरपी द्वारा जांच के पश्चात अज्ञात चोर एवं सामान नहीं मिलने पर जांच बंद कर दी गई। परिवादी द्वारा अपने अधिवक्ता गजेन्द्र बख्शी के माध्यम से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग राजनांदगांव में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विरुद्ध परिवाद प्रस्तुत किया।



उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग राजनांदगांव के समक्ष दोनों पक्षों की सुनवाई पश्चात 10 दिसंबर 2024 को आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू एवं सदस्य आनंद वर्गीस द्वारा निर्णय पारित कर चोरी समान की राशि 86500 रुपए, मानसिक क्षति पर 8000 रुपए, वाद व्यय 5000 रुपए एवं 9 दिसंबर 2024 से भुगतान दिनांक तक 6 प्रतिशत की दर से ब्याज अनावेदक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे परिवादी को 45 दिवस के भीतर भुगतान करेगा परिवादी गण की ओर से प्रकरण में पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र बख्शी ने की।

# श्री कृष्ण के गीता के ज्ञान के कारण ही आज भारत विश्व गुरु की ओर अग्रसर - अभिषेक सिंह

## गीता जयंती व भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में भी शामिल हुए अभिषेक सिंह

राजनांदगांव (दावा)। सुरगी में यादव समाज क्षेत्रीय सर्कल के द्वारा गीता जयंती महोत्सव मनाया गया, जिसमें यादव भवन एवं अतिरिक्त भवन एवं ग्राम सुरगी के लिए व्यावसायिक परिसर का लोकार्पण भी किया गया।



इस अवसर पर अतिथि स्वरूप पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज गीता जयंती के उपलक्ष में अपने प्रिय ग्राम सुरगी मैं आने का सौभाग्य मिला, कृष्ण भगवान के गीता के ज्ञान के कारण ही आज भारत विश्व गुरु की ओर अग्रसर है क्योंकि आज पूरा विश्व आपसी लड़ाई में अपनी उर्जा समाप्त कर रहा है, और आध्यात्मिकता की ओर भारत को टकटकी नजर से देख रहा है, उन्होंने ग्रामीण जनों को बताया कि विष्णु देव साय सरकार में 1 वर्ष के कार्यकाल में ऐतिहासिक विकास के कार्य किए हैं, और आने वाले समय में सुशासन के साथ व्यवस्थित रूप से सरकार के कामकाज चलने से चारों ओर विकास ही विकास दिखेगा। अभिषेक सिंह ने आश्वस्त किया कि डॉ रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष के रूप में राजनांदगांव की सेवा के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, और समय-समय पर वे भी जनता की सेवा के लिए उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर सरपंच आनंद ने भी सरकार की कार्यशैली और विकास की प्रशंसा करते हुए अभिषेक सिंह का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम में कोमल सिंह राजपूत पूर्व मंडी उपाध्यक्ष, रोहित चंद्राकर मंडल अध्यक्ष, लीलाधर साहू उपाध्यक्ष, भाजपा ग्रामीण मंडल आनंद साहू सरपंच सुरगी मनोज साहू महामंत्री ग्रामीण मंडल श्रीमती मधु सुकृत साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता तिलोकचंद पारख समारोह राम दीपक नरोत्तम मंडल रैनसिंह साहू शक्ति केंद्र प्रभारी गुरु चरण सिंह खिलेश्वर साहू पवन साहू तेज प्रकाश सिन्हा सरपंच मुकेश साहू सरपंच गोविंद देवांगन अल्लाह सरपंच खेमदास एशटबंधु साथी बूथ अध्यक्ष भुनेश्वर साहू अर्जुन साहू मेवा साहू गजानन साहू तुम्मन साहू देवेंद्र जैन माखन यादव इंद्रजीत मानिकपुरी हमदीप साहू जितेंद्र साहू प्रकाश साहू संतोष यादव दिलीप यादव देवेंद्र यादव पवन यादव पहुना विशंभर यादव माखन यादव द्वारिका यादव कोमल यादव विशारद यादव संतोष यादव शाहिद बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# आज डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

राजनंदगांव (दावा)। डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन कल 12 दिसंबर के सुबह आरकेसी परिसर में होगा। इस अवसर पर शहर की प्रथम नागरिकं महापौर हेमा सुदेश देशमुख मुख्य अतिथि होंगी। वहीं, प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक चौधरी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जनमेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर आई.के. वैष्णव, प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, सुषमा शुक्ला, एकता खंडेलवाल, उप प्राचार्य ममता मिश्रा, एचएम सरिता सिंह, सुरक्षा अधिकारी गोपाल साहू, खेल अधिकारी इमरान खान, नवीन शर्मा, एकता जंघेल, पुष्पलता एस. ने अभिभावकों से कार्यक्रम देखने का अनुरोध किया है। ज्ञातव्य है कि रॉयल किड्स कॉन्वेंट और डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के क्षेत्र में एक बेंचमार्क स्थापित किया है।

# पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने 3 उपनिरीक्षकों को स्टार लगाकर निरीक्षक के पद पर किया पदोन्नत



राजनांदगांव (दावा)। जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा तीन उप निरीक्षकों को स्टार लगाकर निरीक्षक के पद पर पदोन्नति की गई। बता दें कि विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत् पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ के आदेश के माध्यम से राज्य में 9 उप निरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हेतु आदेशित किया गया था जिसमें से जिला राजनांदगांव के तीन उप निरीक्षक हैं। उक्त आदेश के तहत् बुधवार 11 दिसंबर को कार्यालय पुलिस अधीक्षक में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा थाना लालबाग में पदस्थ उप निरीक्षक योगेश कुमार पटेल, थाना डोंगरगढ़ में पदस्थ उप निरीक्षक शंकर गिर गोस्वामी, थाना सोमनी में पदस्थ उप निरीक्षक संतोष कुमार जायसवाल को स्टार लगाकर निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी गई। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर, थाना डोंगरगढ़ प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

# त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु ग्राम पंचायतों के वार्डों एवं सरपंच पदों के आरक्षण की कार्रवाई 17 दिसम्बर को

**जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों के आरक्षण की कार्रवाई 19 दिसम्बर को**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2024-25 के तहत ग्राम पंचायतों के वार्डों एवं सरपंच पदों के आरक्षण की कार्रवाई 17 दिसम्बर 2024 को सुबह 11 बजे ठाकुर प्यारेलाल सिंह नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में की जाएगी।

इसी तरह 19 दिसम्बर 2024 को सुबह 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों के लॉट द्वारा आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन के प्रावधानों के अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया एवं डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायतों के वार्डों एवं सरपंच पदों तथा जिला पंचायत राजनांदगांव के निर्वाचन क्षेत्रों एवं जिले के जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया एवं डोंगरगढ़ के निर्वाचन क्षेत्रों एवं अध्यक्ष पदों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सभी प्रवर्गों के महिला हेतु लॉट द्वारा आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी। संबंधित क्षेत्र के कोई भी वयस्क निवासी आरक्षण की कार्रवाई के दौरान निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

# आयुक्त एवं निरुद्धकर्ता अधिकारी दुर्ग संभाग ने श्रीमती हसीना बानो को छह माह के लिए जिला जेल में निरुद्ध करने आदेशित किया

राजनांदगांव (दावा)। आयुक्त एवं निरूद्धकर्ता अधिकारी दुर्ग संभाग सत्यनारायण राठौर ने स्टेशनपारा निवासी श्रीमती हसीना बानो को स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार, निवारण अधिनियम के तहत छ: माह के लिए राजनांदगांव जिला जेल में निरूद्ध करने आदेशित किया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार श्रीमती हसीना बानो द्वारा अवैध गांजा बिक्री करने के संबंध में मोहल्ले में आरोपियों के लिए आक्रोश व्याप्त है। वर्तमान में छोटे-छोटे बच्चे शराब, गांजा नशे के आदी होते जा रहे हैं। वह गांजा बिक्री के कार्य से बाज नहीं आ रही है और लगातार गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ बेचने की शिकायत लगातार मिल रही है। इसी उपराध के दृष्टिगत आम जनता के स्वास्थ्य के हितों के मद्देनजर यह कार्रवाई की गई है।


**बेचना है**

(1) मोतीपुर से ढाबा रोड पर ढाबा में 76 डिसमिल जमीन बेचना है।
(2) रामनगर में स्कूल के पास 14 डिसमिल बेचना है।
(3) 21 ईंट बनाने वाली हैवी फ्लाई एश ब्रिक्स मशीन बेचना है।

- : संपर्क :-
मनोज सिन्हा मोतीपुर राजनांदगांव
7697225949, 7999580145, 6267688665







# विष्णु के सुशासन में डॉ.रमन सिंह की पहल से विधानसभा को मिली करोड़ों की सौगात

## मोनू बहादुर ने जताया आभार

राजनांदगांव (दावा)। जिले में 8 करोड़ 60 लाख रुपये की विकास कार्यों की मंजूरी मिलने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने क्षेत्र के विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का आभार जताया है।

जारी प्रेस नोट में मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने क्षेत्र की जनता को सदैव अपना परिवार माना है और उन्होंने क्षेत्र में लगातार विकास की गंगा बहाई है। मोनू ने कहा कि विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ.रमन सिंह के अथक प्रयासों से राजनांदगांव के विकास के लिए राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण निधि से कुल 8 करोड़ 60 लाख 10 हजार रुपए की लागत के 113 विकास कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।



इन कार्यों में राजनांदगांव के शहरी क्षेत्रों/वार्डों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, शेड निर्माण, गार्डन सौंदर्यीकरण और जिम सामग्री के लिए 5 करोड़ 63 लाख 80 हजार रुपए की राशि स्वीकृत दी गई है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायतों में सीसी रोड, छत निर्माण, सांस्कृतिक मंच और नाली निर्माण जैसे कार्यों के लिए 2 करोड़ 63 लाख 30 हजार रुपए तथा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण, सामुदायिक भवन, मंच और अन्य निर्माण कार्यों के लिए 33 लाख रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। मोनू ने कहा कि निर्माण की इस कड़ी में खेल जगत, ग्रामीण जन सहित सभी सामाजिक लोगों का ख्याल रखा गया है। इन विकास कार्यों से न केवल राजनांदगांव के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी, बल्कि यहां के निवासियों की जीवनशैली में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि पांच वर्ष तक कांग्रेस के अन्धकार मय शासन के बाद अब विष्णु के सुशासन में प्रदेश की जनता खुलकर सांस ले पा रही है और राजनांदगांव की जनता को जो प्रेम डॉ. रमन सिंह का मिल रहा है उसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।


**प्लॉट बेचना है**

राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट
रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध
- : संपर्क :-
62641-56342


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com